RNI-UPHIN/2009/30721




शुक्रवार 11 जुलाई 2025
सुर्योदय प्रातः 05 : 32 बजे
सूर्यास्त सांय 19 : 23 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 क्यूबा के राष्ट्रपति से मुलाकात के मायने !

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 16 | अंक : 266 | गाजियाबाद, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







# बिहार वोटर वेरिफिकेशन पर रोक से एससी का इनकार, जारी रहेगा SIR

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के विरोध में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने SIR पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से कहा कि दश्तावेजों की लिस्ट अंतिम नहीं है। कोर्ट ने आयोग से प्रूफ के तौर पर आधार, वोटर कार्ड और राशन कार्ड को शामिल करने को कहा, जिसका आयोग ने विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम आपको रोक नहीं रहे हैं। हम आपसे कानून के तहत एक्ट करने के लिए कह रहे हैं। कोर्ट अब इस मामले पर 28 जुलाई को सुनवाई करेगा।

जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने बिहार में मतदाता गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने चुनाव आयोग की तरफ से पक्ष रखा, जबकि कपिल सिब्बल और गोपाल शंकर नारायण ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची को संशोधित करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं एक ऐसे मुद्दे को उठाती हैं, जो 'लोकतंत्र की जड़ों' को प्रभावित करता है, जिसमें वोट देने का अधिकार शामिल है।



याचिकाकर्ताओं के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा, "इसमें कोई शक नहीं कि यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है, वोट का अधिकार।" उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की शक्ति को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय पर भी सवाल उठा रहे हैं।

हालांकि, चुनाव आयोग का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कोर्ट से इस श्तर पर एसआईआर प्रक्रिया में हश्तक्षेप न करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "संशोधन प्रक्रिया पूरी होने दें, फिर पूरी तस्वीर देखी जा सकती है।"

इस पर बेंच ने कहा कि एक बार मतदाता सूची संशोधित होकर विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाएगी, तो "कोई भी कोर्ट इसे नहीं छुएगा।" याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम सभी याचिकाओं पर नहीं जाएंगे। हम मूल कानूनी सवालों पर बात करेंगे। सबसे पहले एडीआर की तरफ से वकील गोपाल शंकर नारायण ने दलील रखी।

याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण ने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण में 11 दश्तावेजों को अनिवार्य किया गया है। यह पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है। एसआईआर का फैसला न तो आरपी एक्ट में है और न ही इलेक्शन रूल में है। आयोग कहता है कि एक जनवरी 2003 के बाद मतदाता सूची में नाम लिखवाने वालों को अब दश्तावेज देने होंगे। यह भेदभावपूर्ण है।

नारायण ने कहा, "1 जुलाई 2025 को 18 साल की उम्र वाले नागरिक वोटर लिस्ट में शामिल हो सकते हैं। वोटर लिस्ट की समरी, यानी समीक्षा हर साल नियमित रूप से होती है। इस बार की भी हो चुकी है। लिहाजा अब इसे करने की जरूरत नहीं है।"

इस पर जस्टिस धूलिया ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि आप ये नहीं कह सकते कि चुनाव आयोग जो कर रहा है, वो कर नहीं सकता है। चुनाव आयोग तारीख तय कर रहा है, इसमें आपको आपत्ति क्या है? आप तर्कों के माध्यम से साबित करें कि आयोग सही नहीं कर रहा है।

सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर याचिकाकर्ता के वकील गोपाल शंकर नारायण ने कहा, "चुनाव आयोग इसको पूरे देश में लागू करना चाहता है और इसकी शुरुआत बिहार से कर रहा है।"

इसके जवाब में जस्टिस धूलिया ने कहा, "चुनाव आयोग वही कर रहा है, जो संविधान में दिया गया है, तो आप यह नहीं कह सकते कि वे ऐसा कुछ कर रहे हैं, जो उन्हें नहीं करना चाहिए?"

गोपाल शंकर नारायण ने कहा, "चुनाव आयोग वह कर रहा है, जो उसे नहीं करना चाहिए। यहां कई श्तरों पर उल्लंघन हो रहा है। यह पूरी तरह से मनमाना और भेदभावपूर्ण है। मैं आपको दिखाऊंगा कि उन्होंने किस तरह के सुरक्षा उपाय दिए हैं।

दिशानिर्देशों में कुछ ऐसे वर्गों का उल्लेख है, जिन्हें इस रिविजन प्रक्रिया के दायरे में नहीं लाया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस पूरी प्रक्रिया का कानून में कोई आधार नहीं है।"

# दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किये गये



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। गुरुवार सुबह 9 बजकर 4 मिनट पर अचानक धरती कांपने लगी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद में करीब 10 सेकेंड तक धरती हिलती रही।

गुरुवार सुबह से हो रही बारिश के बीच दिल्ली-एनसीआर में सुबह 9 बजकर 4 मिनट के करीब धरती जब कांपी तो लोग खौफ में आ गए। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि दफ्तरों में काम कर रहे लोगों और घरों में बैठे लोगों ने भी इसे महसूस किया। भूकंप का केंद्र दिल्ली से 51 किमी। दूर हरियाणा के झज्जर में जमीन की 10 किमी। गहराई में था।

दिल्ली के साथ ही हरियाणा के कुछ जिलों फरीदाबाद, गुरुग्राम और जींद में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इस बार भूकंप का केंद्र दिल्ली के बहुत ही करीब हरियाणा में था। भूकंप का केंद्र बहुत ज्यादा पास होने की वजह से दिल्ली-एनसीआर में इसके तेज झटके महसूस किए गए।

**दिल्ली भूकंपीय क्षेत्र IV में**

दिल्ली की भौगोलिक स्थिति की वजह से ऐसे भूकंप आना कोई असामान्य बात नहीं है। शहर में पहले भी कई बार ऐसे झटके महसूस किए गए हैं। साल 2020 में, राष्ट्रीय राजधानी में 3।0 तीव्रता से ज़्यादा के कम से कम तीन भूकंप आए, जिसके बाद एक दर्जन से ज्यादा झटके आए।

**दिल्ली में भूकंप का खतरा ज्यादा**

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, दिल्ली भूकंपीय क्षेत्र 4 में स्थित है, जहां भूकंप का खतरा ज्यादा रहता है। इस क्षेत्र में भूकंपीयता काफी ज़्यादा है, जहां आमतौर पर 5-6 तीव्रता के भूकंप आते हैं, और कभी-कभी 7-8 तीव्रता के भी। हालांकि, ज़ोनिंग एक सतत प्रक्रिया है जो बदलती रहती है।

## गुजरात में 'चंदा दो-धंधा लो' का सिस्टम, इसलिए टूट रहे हैं पुल : कांग्रेस

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷ । कांग्रेस ने गुजरात में मोरबी पुल ढ़हने से कई लोगों के मारे जाने की घटना को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा है कि राज्य में चरम भ्रष्टाचार के बीच वहां 'चंदा दो-धंधा लो' की व्यवस्था चल रही है और अधिकारी लापरवाह हो गये हैं इसलिए रोड, पुल, कैनाल, डैम टूटना, अग्निकांड की घटनाएं लगातार हो रही हैं और इनकी जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है। गुजरात विधानसभा में कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवानी एवं सेवादल के अध्यक्ष लालजी देसाई ने गुरुवार को यहां कांग्रेस के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं के लिए सरकार तुरंत जांच शुरु करवा देती है, लेकिन परिणाम शून्य रहता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार इस तरह के पिछले 16 मामलों में जांच के लिए ईमानदार अधिकारियों की टीम गठित नहीं करती तो सड़कों पर उतरकर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा गृहमंत्री हर्ष रमेश संघवी के इश्तीफे की मांग की जाएगी।

## पांच देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे मोदी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की आठ दिन की यात्रा संपन्न होने के बाद गुरुवार सुबह स्वदेश लौट आए। प्रधानमंत्री दो जुलाई को घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर रवाना हुए थे। यात्रा के अंतिम चरण में वह बुधवार को नामीबिया पहुंचे थे जहां उन्होंने नामीबियाई राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। श्री मोदी ने नामीबिया की संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को भी संबोधित किया। इससे पहले ब्राजील में उन्होंने 17 वें ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लिया और सदस्य देशों के सामने विभिन्न विषयों पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट किया।

## खांडू ने ड्रैगन को चेताया कहा-अरुणाचल की सीमा तिब्बत से लगती है, न कि चीन से

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। चीन द्वारा दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर दखल की कोशिशों पर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने चीन को करारा जवाब देते हुए कहा कि उनका राज्य चीन नहीं, तिब्बत से 1,200 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। उन्होंने चीन की बार-बार अरुणाचल पर दावा जताने की निंदा करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक और भौगोलिक रूप से गलत और भ्रामक है। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए खांडू ने यारलुंग त्सांगपो (भारत में ब्रह्मपुत्र) नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी बांध परियोजना के रूप में एक पानी बम करार दिया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने भी हाल ही में कहा था कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी का चयन बौद्ध परंपराओं के अनुसार दलाई लामा ही तय करेंगे, कोई सरकार नहीं, खासकर चीन जैसा कम्युनिस्ट शासन नहीं।

## यमन में भारतीय नर्स को बचाने के लिए दखल के अनुरोध वाली याचिका पर कोर्ट सुनवाई को तैयार

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। उच्चतम न्यायालय ने यमन में उस भारतीय नर्स को बचाने के लिए केंद्र को राजनयिक माध्यमों का इश्तेमाल करने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार को सहमति जताई जिसे हत्या के आरोप में 16 जुलाई फांसी दिए जाने की संभावना है। अधिवक्ता सुभाष चंद्रन के.आर. ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि मामले में जल्द से जल्द राजनयिक माध्यमों की संभावनाएं तलाशी जानी चाहिए। इस पर न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जे. बागची ने मामला 14 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

# भाजपा नेतृत्व और सरकार उदासीनता की सारी हदें पार कर चुके हैं : खरगे

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुजरात के वडोदरा में एक पुल ढहने की घटना का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सिर्फ भाषण और विज्ञापनबाज़ी में व्यश्त भाजपा नेतृत्व और सरकार उदासीनता की सारी हदें पार कर चुके हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह नेतृत्व संकट, चौतरफ़ा भ्रष्टाचार और सरकार चलाने की क्षमता में कमी का नतीजा है।



अधिकारियों ने बताया कि वडोदरा में बुधवार सुबह लगभग चार दशक पुराने एक पुल का कुछ हिस्सा ढह जाने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'देश में आए दिन दुर्घटनाएँ आम बात हो गई हैं। कभी रेल दुर्घटना, कहीं उद्घाटन के साथ ही पुल में दरार आना। अभी विमान दुर्घटना के हादसे से देश उबर नहीं पाया है कि कल गुजरात से पुल ढहने की खबर आ गई। 13 मासूम जानें चली गई। '

उन्होंने पीड़ितों के परिजन के प्रति संवेदना प्रकट की। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'ख़बरों के अनुसार तीन साल पहले ही पुल हिलने से खतरनाक स्थिति की बात कही गई थी। फिर भी कुछ नहीं किया गया। 2021 से यह गुजरात में पुल गिरने की सातवीं घटना है। '

उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे देश में शासन के नाम पर केवल भाषण और विज्ञापनबाज़ी में व्यश्त भाजपा नेतृत्व और सरकार उदासीनता की सारी हदें पार कर चुके हैं। खरगे ने दावा किया कि यह नेतृत्व संकट, चौतरफ़ा भ्रष्टाचार और सरकार चलाने की क्षमता में कमी, और अक्षमता का नतीजा है। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है देश की जनता इसे देख रही है और समय आने पर इसका माकूल जवाब देगी।'

## भारतीय ज्ञान को दरकिनार कर पश्चिमी अवधारणाओं को सार्वभौमिक सत्य बताया गया : धनखड़

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय ज्ञान प्रणाली को योजनाबद्ध ढंग से दरकिनार किए जाने तथा पश्चिमी अवधारणाओं को सार्वभौमिक सत्य के रूप में प्रस्तुत करने की आलोचना करते हुए कहा है कि यह मिटाने, नष्ट करने तथा विकृत करने की योजना के तहत किया गया और दुखद बात यह है कि आजादी के बाद भी यह सिलसिला चलता रहा।

श्री धनखड़ ने गुरूवार को यहां भारतीय ज्ञान प्रणाली पर पहले वार्षिक सम्मेलन में औपनिवेशिक मानसिकता से परे भारत की पहचान को पुनः स्थापित करते हुए कहा कि भारत केवल 20वीं सदी के मध्य में बना राजनीतिक राष्ट्र नहीं है, बल्कि यह चेतना, जिज्ञासा और ज्ञान की प्रवाहित नदी के रूप में एक सतत सभ्यता है। उन्होंने कहा कि भारतीय विचारों को केवल आदिम और पिछड़ेपन का प्रतीक मानकर खारिज करना केवल एक व्याख्यात्मक भूल नहीं थी।

यह मिटाने, नष्ट करने और विकृत करने की योजना थी। इससे भी अधिक दुखद यह है कि स्वतंत्रता के बाद भी यह चलता रहा। उन्होंने कहा कि पश्चिमी अवधारणाओं को सार्वभौमिक सत्य के रूप में प्रस्तुत किया गया। साफ़ शब्दों में कहें तो असत्य को सत्य के रूप में सजाया गया। उन्होंने सवाल किया, "जो हमारी बुनियादी प्राथमिकता होनी चाहिए थी, वह तो विचार के दायरे में भी नहीं थी।

हम अपनी मूल मान्यताओं को कैसे भूल सकते हैं?" श्री धनखड़ ने कहा, "भारत का वैश्विक शक्ति के रूप में उदय उसकी बौद्धिक और सांस्कृतिक गरिमा के उत्थान के साथ होना चाहिए। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि ऐसा उदय ही टिकाऊ होता है और हमारी परंपराओं के अनुकूल होता है।

## हिमाचल और पूर्वोत्तर में बाढ से प्रभावित लोगों की मदद कर रही है सेना



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

भारतीय सेना बाढ से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन की मदद कर रही है।

सेना की ओर से गुरूवार को बताया गया कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में हाल ही में आई बाढ़ के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे राहत और बचाव अभियान में सेना की टुकड़ियां राज्य आपदा मोचन बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और स्थानीय अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर मदद कर रही हैं। सेना ने थुनाग, बग्सियाड और पंडोह सहित प्रमुख स्थानों पर टुकड़ियाँ तैनात की हैं जो आवश्यक आपूर्ति जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण पहुंच मार्गों को खोल रही है।

इसके अलावा थुनाग में चिकित्सा सहायता और राहत सामग्री के वितरण में भी मदद की जा रही है। सेना के जवान दुर्गम गाँवों में नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर राहत सामग्री भी पहुंचा रहे हैं। बाढ से बेहाल पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी सेना ने ऑपरेशन जल राहत-दो के तहत नागालैंड, असम और मणिपुर में व्यापक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान शुरू किया है। सेना ने इस अभियान के लिए कुल 40 राहत टुकड़ियां तैनात की हैं। इस अभियान में अब तक 3820 लोगों को बचाया गया है और भोजन के 1361 पैकेट वितरित किये गये हैं।

सेना की ओर से 2095 लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है और 15 हजार से अधिक पानी की बोतलें वितरित की गयी हैं। सेना ने कहा है कि वह प्राकृतिक आपदा के समय संकट में फंसे लोगों की मदद करने की प्रतिबद्धता पर अड़िग है और राहत तथा बचाव अभियानों में मदद करती रहेगी।

## पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करूंगा : सिद्धारमैया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज कहा कि वह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे।

श्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डी.के शिवकुमार इस समय दिल्ली में हैं। दोनों की लोकसभा में नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात होनी है। श्री शिवकुमार दिल्ली में ही कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी से बुधवार को मुलाकात कर चुकें हैं। श्री सिद्धारमैया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के लिए कोई वेकैंसी नहीं है और वह अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि इन रिपोर्टों में कोई दम नहीं है कि कांग्रेस आलाकमान ने उनसे मुख्यमंत्री पद छोड़ने को कहा है।

उन्होंने कहा कि श्री डी के शिवकुमार खुद भी कह चुके हैं कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई वैकेंसी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधे - आधे कार्यकाल का कोई फार्मूला नहीं है। आलाकमान जो भी फैसला करेगी हम उसे मानेंगे। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक मामलों को देख रहे पार्टी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हाल ही में बेंगलुरू में स्वीकार किया था कि राज्य में कांग्रेस के कई विधायकों को शिकायतें हैं।

## गुजरात में 'चंदा दो-धंधा लो' का सिस्टम, इसलिए टूट रहे हैं पुल : कांग्रेस

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस ने गुजरात में मोरबी पुल ढ़हने से कई लोगों के मारे जाने की घटना को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा है कि राज्य में चरम भ्रष्टाचार के बीच वहां 'चंदा दो-धंधा लो' की व्यवस्था चल रही है और अधिकारी लापरवाह हो गये हैं।

इसलिए रोड, पुल, कैनाल, डैम टूटना, अग्निकांड की घटनाएं लगातार हो रही हैं और इनकी जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है।

गुजरात विधानसभा में कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवानी एवं सेवादल के अध्यक्ष लालजी देसाई ने गुरुवार को यहां कांग्रेस के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं के लिए सरकार तुरंत जांच शुरु करवा देती है, लेकिन परिणाम शून्य रहता है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार इस तरह के पिछले 16 मामलों में जांच के लिए ईमानदार अधिकारियों की टीम गठित नहीं करती तो सड़कों पर उतरकर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा गृहमंत्री हर्ष रमेश संघवी के इश्तीफे की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा, "राजकोट के अग्निकांड का मामला हो, वडोदरा में बोट पलटने का मामला हो, टीआरपी गेमिंग जोन का मामला हो, मोरबी ब्रिज के गिरने का मामला हो या सूरत में तक्षशिला का मामला हो जो पुलिस के अफसर शराब के अड्डों से, जुए के अड्डों से, बड़ी-बड़ी लैंड डील्स से या ड्रग्स के काले कारोबार से तगड़ी कमाई करते हैं, जो चुनाव के वक्त भाजपा को जितवाने की सुपारी लेते हैं-ऐसे भ्रष्ट अफसरों को ऐसे मामलो की जांच दी जाती है।" कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक मीडिया और विपक्ष के तौर पर कांग्रेस का दबाव रहता है, तब तक कुछ लोगों की गिरफ्तारी कर लीपा-पोती की जाती है और छोटी मछलियों को पकड़ा जाता है, लेकिन भाजपा से जुड़े बड़े मगरमच्छों को छोड़ दिया जाता है।

गुजरात सरकार और उनके भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत के कारण प्रदेश भर में पिछले कुछ साल में कई दुर्घटनाएं हुई हैं।

## भाजपा नेता रॉबिन चौधरी पर हमले को लेकर भड़की शिवसेना

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

शिवसेना के जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह के नेतृत्व में शिवसेना का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी बिजनौर से मिला। शिव सेना नेताओ ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया कि शिवसेना रॉबिन चौधरी पर हुए हमले की सख्त निंदा करती है, आरोपियों पर गुंडा एक्ट के तहत गैंगस्टर की कार्रवाई की जाए।

वह उनकी अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर से कार्रवाई तुरंत करे प्रशासन। अन्यथा शिवसेना शीघ्र उग्र प्रदर्शन करेगी। इस मोके पर शिव सेना नेताओं में युवा जिला प्रमुख विजय मोहन गुप्ता, तहसील प्रमुख शशि कुमार, नगर प्रमुख अंतरिक्ष कौशिक, धर्म सिंह एडवोकेट, विवेक पाल, विधानसभा प्रभारी विकल चौधरी प्रतिनिधि मंडल में शामिल रहे।

## मृतक सभासद गुलफाम के आवास पर सांत्वना देने पहुंचे सांसद रावण

✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷

नगर पालिका परिषद हल्दौर के वार्ड नंबर 13 के सभासद गुलफाम फरीदी का चार माह पूर्व गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया था। उनके निधन से नगर और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी।

आज गुरुवार को आजाद समाज पार्टी ( कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने स्वर्गीय गुलफाम फरीदी के निवास पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि गुलफाम फरीदी एक मिलनसार और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्ति थे, जिनके कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा।इस अवसर पर विजयपाल सिंह चौहान,( नेता जी) आलोक भारती, अभिषेक, रियाज़, सलीम अहमद सहित सभासद के भाई मोहम्मद अरमान उर्फ सद्दाम -टिंकल - मोहम्मद फैसल माता शमीमा खातून पुत्री सिजरा - अलीना पुत्र मोहम्मद वसी - मोहम्मद आहिल आदि से मिले और शौक संवेदना देते हुए किसी भी कार्य हेतु अपना द्वार खुला होने की बात कही। इस अवसर पर सांसद के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओ का काफिला मौजूद रहा।

## सियासत टकराव पैदा करती है और संस्कृति जोड़ती है: तुषार कांत

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संगठन संयोजक तुषार कांत ने कहा कि सियासत टकराव पैदा करती है और संस्कृति आपस में जोड़ती है।मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आओ जड़ों से जुड़े और योग की चेतना आए इस विषय पर काम करता है।

गुरुवार को दुर्गा विहार कॉलोनी में चिकित्सा मयंक पाराशर के आवास पर आए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संगठन संयोजक तुषार कांत का स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आओ जड़ों से जुड़े और योग की चेतना आए विषय पर काम करता है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के माध्यम से अपने देश को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आत्मनिर्भरता पैदा हो और भारतीय संविधान को अपनाते हुए कार्य करें इस पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि मजहब बदलने से संस्कृति नहीं बदलती है। आस्था व्यक्तिगत स्वभाव की होती है वह कभी भी बदली जा सकती है।

अपने पूर्वजो की धरोहरो को हमे सजोकर रखना है। हिंदू मुस्लिम दूरियां राजनीतिक लोगों ने बढ़ाई है। हमें सियासत से निकलकर एक दूसरे के सहयोग के लिए काम करना है। सियासत टकराव पैदा करती है और संस्कृति आपस में जोड़ती है। इसलिए हमें संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए।

देश की मुख्य धारा से जोड़कर हमें अखंड भारत के लिए काम करना है। इस मौके पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की जिलाध्यक्ष जीनत शेख,सलीम पुंडीर,मयंक पाराशर आदि मौजूद रहे।

## कजाकिस्तान में पर्व चौधरी ने जीता सिल्वर मेडल

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

कजाकिश्तान में आयोजित यूथ एंड जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में बिजनौर के खिलाड़ी पर्व चौधरी ने 328 किलो वजन उठाकर सिल्वर पदक प्राप्त किया।

भारत को पदक दिलाने पर परिजनों में खुशी का माहौल है। जिला भारोत्तोलन संघ के जिला सचिव एवं ग्राम गिलाड़ी स्थित वेटलिफ्टिंग अकादमी के कोच करन सिंह ने बताया कि फुलसंदा निवासी पर्व चौधरी पुत्र विकास चौधरी ने 4 जुलाई से 10 जुलाई तक कजाकिश्तान के अस्थाना में होने वाली एशियन यूथ एंड जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत की ओर से प्रतिभाग किया। पर्व चौधरी ने 94 किलो वर्गभार (यूथ में) स्नैच में 145 किलो उठाकर सिल्वर एवं क्लीन एंड जर्क में 183 किलो वजन उठाकर गोल्ड प्राप्त किया।

दोनों को मिलाकर 328 किलो वजन उठाया। वही गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी ने 334 किलो वजन उठाया। पर्व चौधरी द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धि पर खिलाड़ी हिमांशु चांग, जसवंत सिंह, पिता विकास चौधरी, दादा राजेंद्र सिंह, संजीव कुमार, मानपाल सिंह, डॉ राजवीर सिंह, भोले, प्रज्वल्दीप, धीरज, विशाल गोलू आदि ग्रामीणों ने खुशी जताई है।

# पत्नी ने प्रेमी से पति पर गोली चलवाई, मौत

## थाने पहुंचकर बोला- साहब मैंने हत्या की है, गिरफ्तार कर लीजिए

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷



महिला ने प्रेमी से पति की हत्या करवा दी। उसने हत्या के लिए खुद प्रेमी को तमंचा दिया था। आरोपी ने घर के बाहर खड़े व्यक्ति को गोली मार दी। उसने बचाने दौड़े भाई पर भी तमंचे से फायर कर दिया।

मगर वह बाल-बाल बच गया। हत्या करने के बाद आरोपी खुद थाने पहुंचा। पुलिस के सामने बोला- साहब! मैंने हत्या कर दी है। मुझे गिरफ्तार कर लीजिए। एसपी बरला भी सूचना मिलते ही फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर साक्ष्य जुटाए। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

आरोपी और मृतक की पत्नी को पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद जेल भेज दिया है। बरला के कोठी मोहल्ले में रहने वाले 32 वर्षीय सुरेश दिल्ली में रहकर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। वह 4 दिन पहले ही घर आए थे। सुरेश को गुरुवार को वापस दिल्ली जाना था। वह सुबह 9 बजे घर के बाहर खड़े होकर मोबाइल चला रहे थे। तभी वहां पहुंचे मनोज ने तमंचे से उनके सीने में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर बड़ा भाई विजय दौड़कर आया। मनोज ने उन पर भी फायर कर दिया किया। गोली सुरेश के सीने को चीरते हुए सामने दीवार में जा लगी।

ईंट के कुछ टुकड़े मनोज के चेहरे में धंस गए। इसके बाद आरोपी खुद ही थाने पहुंचा। मुंशी से कहा- साहब मैंने सुरेश की गोली मारकर हत्या कर दी है।

मुझे गिरफ्तार कर लीजिए। परिजनों ने पुलिस को बताया- गांव के ही रहने वाले मनोज से सुरेश की पत्नी के अवैध संबंध थे। मनोज बरला में परचून की दुकान चलाता है। घर में सुरेश का बड़ा भाई विजय, पिता गोविंद राय, माता चंदा देवी, पत्नी और तीन बच्चे रहते हैं। इंस्पेक्टर अरूण पंवार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी और आरोपी मनोज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। एसपी ग्रामीण अमृत जैन ने बताया कि महिला ने खुद प्रेमी को तमंचा उपलब्ध कराया। प्रेमी ने आज महिला के पति की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी खुद थाने आया था। उसने अपना जुर्म भी कबूल किया है।

अब तक की जांच में महिला के गांव के ही मनोज से अवैध संबंध की बात सामने आई। दोनों 7-8 साल से रिश्ते में हैं। गांव वालों ने ही कई बार इन दोनों को होटल, खेत पर भी एक साथ पकड़ा था। इनका पहले से ही विवाद चल रहा था, जिसके चलते दोनों ने ही मिलकर हत्या की साजिश रची।

फिलहाल थाने में मामला पंजीकृत कर लिया गया है। मामले में अब तक जो भी अश्लील वीडियो-फोटो पाए गए हैं। पुलिस उनके आधार पर जांच कर रही है। हत्यारोपी और मृतक की पत्नी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## मण्डलायुक्त 19 जुलाई को करेंगी स्थलीय निरीक्षण

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा 19 जुलाई को पूर्वान्ह 10:30 बजे से राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय एवं डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा।

संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव ने उक्त जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्माण खण्ड (भवन निर्माण) और अधिशासी अभियंता यूपीडा निरीक्षण से पूर्व प्रगति पुश्तिका उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## इच्छुक औद्योगिक इकाईयां कर सकती हैं प्रतिभाग

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने अवगत कराया है कि 11 अगश्त से 13 अगश्त के मध्य बाम्बे एक्जिविशन सेंटर (नेस्को), गोरेगॉव ईस्ट, मुम्बई में 24 वें फूड एण्ड बेबरेज प्रो0 एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने जिले के सभी औद्योगिक संगठन एवं औद्योगिक इकाइयों से अनुरोध किया है कि उक्त के संबंध में अपनी सदस्य इकाइयों को भी अपने श्तर से सूचित करते हुए इच्छुक इकाईयों को मेले में प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।

# मकान की छत गिरी, मलबे में दबे तीन लोग



✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

दादों क्षेत्र के गांव बोनई में बुधवार रात्रि मकान की छत गिरने से हादसा हो गया। एक परिवार के तीन सदस्य छत के साथ गिरने से मलबे में दब गए। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी एकत्र हो गए और घायलों को छर्रा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

जहां से डॉक्टरों ने दो लोगों की हालत गम्भीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जय नारायण गजराज सिंह खेतीबाड़ी करते हैं।

घर की छत पर वह बैठे हुए थे। जबकि उनकी भाभी माया देवी व भतीजी पिंकी खाना बनाने की तैयारी कर रही थी। तभी अचानक मकान की छत भर भरकर नीचे गिर गई। तीनों छत के मलबे में दब गए । शोर शराबा सुनकर परिजन एकत्र हो गए।

ग्रामीण भारी संख्या में आ गए। कड़ी मशक्कत के बाद मलबे से परिजन व पड़ोसियों ने जय नारायण, माया देवी और पिंकी को बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को परिजन छर्रा सीएचसी लेकर आये। यहां डॉक्टर ने तीनों को प्राथमिक उपचार दिया।

वहीं, जय नारायण और पिंकी के गम्भीर चोटें देख जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे के बाद परिजनों के होश उड़ गए। वे काफी परेशान हैं।

गनीमत रही जब हादसा हुआ तक छत के नीचे परिवार का कोई और सदस्य नहीं था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों का मानना है कि पिछले दिनों से जो रुक रुक कर बारिश हो रही है, शायद इसलिए मकान की छत गिरी है।

मकान की छत गाटर पत्थर से बनी थी काफी पुरानी भी हो चुकी है। ग्रामीणों ने रात्रि करीब 7-8 बजे के मध्य हादसा होना बताया।

### नियोजित करियर निर्माण की ओर एक सशक्त पहल

## सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में भव्य करियर दिशा-संधान कार्यक्रम का आयोजन

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

करियर में सफलता केवल इच्छाशक्ति से नहीं, बल्कि सही योजना, मार्गदर्शन और जानकारी से संभव होती है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में एक भव्य करियर दिशा-संधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग़ाज़ियाबाद-एनसीआर के विभिन्न विद्यालयों से 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।



इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रबंधन समिति की गरिमामयी उपस्थिति में रिबन काटकर हुआ। इस विशेष अवसर पर विशिष्ट अतिथि सीए (डॉ.) जी.एस. ग्रेवाल एवं अन्य माननीय अतिथिगण चितरंजन चटोपाध्याय (मेम्बर काउंसिल ICMAI), सीए विभोर जिंदल एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की भी उपस्थिति रही।विद्यालय के 30 से अधिक भूतपूर्व विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

सिल्वर लाइन प्रेस्टीज़ स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित करियर दिशा-संधान कार्यक्रम में 59 स्टॉल्स पर विभिन्न शैक्षणिक कोर्सेज़ के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। हर आवश्यक जानकारी को 'कोर्स, कॉलेज/यूनिवर्सिटी और संबन्धित एग्ज़ाम' इन मुख्य भागों में विभाजित किया गया। इनसे संबन्धित सरकारी व निजी संस्थानों की जानकारी, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी आदि विषयों की व्यापक जानकारी प्रदान की गई। यह आयोजन पूरी तरह से सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा ही संचालित किया गया, जो इसे विशेष बनाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत न केवल विभिन्न निजी विद्यालयों अपितु सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठन 'सेवाभारती सेवाधाम' आदि संस्थानों के विद्यार्थी भी लाभान्वित हुए। विशिष्ट अतिथि सीए (डॉ.) जी.एस. ग्रेवाल ने शिक्षकों एवं छात्रों के प्रयास और उनके समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यह करियर दिशा-संधान कार्यक्रम निःसंदेह छात्रों को उनके भविष्य की दिशा निर्धारित करने में अत्यंत लाभप्रद सिद्ध होगा। सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे आयोजनों के माध्यम से सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

## श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 4 श्रद्धालु घायल, मेडिकल रेफर

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

बुधवार देर रात्रि मुड़िया पूर्णिमा दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क किनारे बदरपुर पर पलट गई। हादसे का कारण अन्य वाहन को बचाना बताया जा रहा है। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई।

रोड पर जाम लग गया। हादसे में चार लोग घायल हो गए। दो घायलों को जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार अतरौली थाना इलाके के गांव मोहम्मद पुर बढेरा से एक ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर कुक लोग मुड़िया पुर्णिमा दर्शन करने जनपद मथुरा जा रहे थे। देर रात्रि ट्रैक्टर ट्रॉली रामघाट रोड स्थित 12 नम्बर के पास चांदनी होटल के सामने पहुंचा था। तभी अन्य वाहन को बचाने के दौरान चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क किनारे पड़ी बदरपुर पर पलट गई। श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। शोर शराबा सुनकर राहगीरों के अलावा ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए। हादसे में गांव मोहम्मद पुर बढेरा की रूबी और अंकित, रमेश व नारायण सिंह निवासी गण गांव गनेशपुर घायल हो गए। इनको पहले अतरौली सीएचसी और फिर दीनदयाल अस्पताल ले जाया गया।

# हाइटेक कांवड़ कंट्रोल रुम की शुरूआत की गई

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

श्रावण मास कांवड़ यात्रा 2025 की तैयारियों एवं मन्दिरों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था व जलाभिषेक के दृष्टिगत जिलाधिकारी संजीव रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में हाइटेक कांवड़ कंट्रोम रुम की शुरुआत की गई। एसएसपी द्वारा धार्मिक कांवड यात्रा के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु सम्पूर्ण कांवड़ मार्ग को 06 रूट में बांटा गया है जिसकी निगरानी के लिये ऑपरेशन त्रिनेत्र, नगर निगम व कांवड़ यात्रा के लिये लगाये गये 550 से अधिक सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी की जा रही है।



सुरक्षा प्रबंधन के अंतर्गत संवेदनशील, अतिसंवेदनशील एवं अतिभीड़ वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां पर्याप्त संख्या में अनुभवी पुलिस बल, रिज़र्व टीमें, महिला पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जायेगी। संदिग्ध गतिविधियों के दृष्टिगत सादे बस्त्रों में एलआईयू टीम द्वारा भी निगरानी रखी जायेगी। यातायात नियंत्रण और आवागमन व्यवस्था के अंतर्गत सभी मुख्य मार्गों, कांवड़ रूट, वैकल्पिक मार्गों एवं पार्किंग स्थलों का ट्रैफिक प्लान तैयार कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा भारी वाहनों के डायवर्जन, मोबाइल पेट्रोलिंग एवं पैदल और डाक कांवड़यों के लिए सुरक्षित व सुव्यवस्थित मार्ग सुनिश्चित किए जाएं। मन्दिरों में श्रद्धालुओं को बेरिकेटिंग लगाकर कतार में दर्शन हेतु प्रवेश कराया जाय जिससे जलाभिषेक करने में कोई परेशानी न हो, मन्दिर के अन्दर भीड़ एकत्रित न होने दी जाए । श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किया जाए। तकनीकी निगरानी और संचार व्यवस्था के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन और बॉडी वॉर्न कैमरों की मदद से सभी मार्गों एवं धार्मिक स्थलों की निगरानी की जायेगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु कांवड़ कन्ट्रोल रूम बनाकर क्विक रिस्पॉन्स टीम निरंतर सक्रिय रहेगी ।

सोशल मीडिया टीम को झूठी सूचना, किसी भी अफवाह या आपत्तिजनक सामग्री पर त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देश दिये गये एवं भ्रामक सूचना का खण्डन करते हुए त्वरित, प्रमाणिक एवं सकारात्मक जानकारी प्रसारित करने हेतु निर्देशित किया।

# धर्म और जाति से परे बच्चे ही देश की असली उम्मीद: केरल हाईकोर्ट के जज वीजी अरुण






**तिरूअनंतपुरम, एजेंसी।**
केरल हाईकोर्ट के जज वीजी अरुण ने समाज से अपील की है कि वह उन बच्चों से प्रेरणा ले जो धर्म और जाति की पहचान से मुक्त होकर पले-बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे भविष्य में समाज की रूढ़ियों को निडर होकर चुनौती देने वाले वयस्क बनेंगे। केरल युक्तिवादी संगम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए न्यायमूर्ति अरुण ने ऐसे माता-पिता की सराहना की जो अपने बच्चों को बिना किसी धार्मिक या जातिगत पहचान के बड़ा कर रहे हैं।

बार और बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, न्यायमूर्ति अरुण ने अपने संबोधन में कहा, मैं उन सभी की सराहना करता हूं जो अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं और उन्हें धर्म या जाति से जोड़े बिना शिक्षा देते हैं। ये बच्चे कल की उम्मीद हैं। ये ही बच्चे भविष्य में निडर होकर सही सवाल पूछेंगे, भले ही समाज उनका विरोध करे।

यह कार्यक्रम प्रसिद्ध युक्तिवादी लेखक पावनन की स्मृति में आयोजित किया गया था, जहां लेखक वैसाखन को भी सम्मानित किया गया। जस्टिस अरुण ने दोनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इन्होंने अपने जीवन में तर्क और धर्मनिरपेक्षता को अपनाने के लिए जातिगत उपनामों को त्याग कर कलम के नाम अपनाए। जस्टिस अरुण ने अपने पिता टीकेजी नायर का भी ज़िक्र किया, जो लेखक, राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता थे। उन्होंने बताया कि उनके पिता पावनन से प्रभावित होकर अनिलन नाम से लिखते थे। जस्टिस अरुण ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक भाषा पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया के योद्धा गिद्धों की तरह टूट पड़ते हैं। मुझे कई बार ऐसे केस पढ़ने पड़ते हैं, जो सोशल मीडिया पोस्ट के कारण दर्ज हुए हैं। ये पोस्ट मलयालम भाषा को प्रदूषित करते हैं। मैंने कई बार सोचा है कि कोई मलयाली इस तरह खुद को कैसे गिरा सकता है। इसका कारण यही है कि अब हमारे बीच पावनन और वैसाखन जैसे युक्तिवादी नहीं हैं।

# मनीष सिसोदिया का पुराना नंबर चालू कर ठगी करने वाला अरेस्ट, बड़े गिरोह का भंडाफोड़



**चंडीगढ़, एजेंसी।**
साइबर ठग लोगों को ठगने के नित नए तरीके अपना रहे हैं। इसी कड़ी में साइबर ठगी का एक और कारनामा सामने आया है। पंजाब की पटियाला पुलिस ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया का पीए बनकर ठगी करने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पहले मनीष सिसोदिया का पुराना नंबर एक्टिव किया और मनीष का पीए बताकर नेताओं, मंत्रियों और अफसरों से पैसे मांगना शुरू कर दिया।

**दूसरे केस में पकड़ा गया था आरोपी:** पुलिस ने बताया कि जब इस मामले का मनीष सिसोदिया को पता चला तो उन्होंने इसकी शिकायत पंजाब पुलिस से की। पटियाला पुलिस ने इस मामले में एक्शन लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। पटियाला पुलिस ने आरोपी को दूसरे केस में पकड़ा था। जब पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू की तो उसने मनीष सिसोदिया के पुराने नंबर को एक्टिव कर ठगी करने बात भी स्वीकार की। पटियाला पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि वह इसके अलावा भी कई और ठगी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पटियाला पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि यह एक बहुत बड़ा साइबर फ्रॉड गिरोह है। जल्दी ही बाकी आरोपी भी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। सनद रहे इससे पहले मोहाली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पीए बनाकर ठगी का मामला सामने आया था। मनीष सिसोदिया आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रभारी हैं। दिल्ली चुनाव हारने के बाद वह आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के साथ आजकल पंजाब में सक्रिय हैं। पंजाब सरकार के हर कार्यक्रम में वह मौजूद रहते हैं। लुधियाना में पश्चिम विधानसभा सीट पर उपचुनाव के प्रचार में भी वह सक्रिय रहे थे।

# सांसद चंद्रशेखर ने 19 हाज़ीयों को शील्ड देकर सम्मानित किया

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

लोकसभा क्षेत्र के सासंद एवं आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी चीफ ने हज मुबारक वर्ष के अवसर पर क्षेत्र के क़रीब 19 हाजियों को नगीना पैराडाइज बैंकट हॉल मे शील्ड देकर सम्मानित किया।

केदारघाटी में हेलीकॉप्टर क्रेस में नगीना निवासी अधिवक्ता की पत्नी व नातीन की हुई मौत पर उनके आवास पहुँचकर परिवार वालों को सांत्वना दी।

गुरुवार को नगीना लोकसभा क्षेत्र के सासंद एवं आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी चीफ एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने हज मुबारक वर्ष के अवसर पर क्षेत्र के क़रीब 19 हाजियों को शील्ड देकर सम्मानित कर उनसे कहा कि आप सभी हाजियों को मेरी तरफ से मुबारकबाद एवं दिली मुबारक देने के बाद नगीना लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं के बारे में शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनने के बाद सावन के महीने में गरीब व वेसहारा दुकानदारों सहित फलों के ठेले, चाय की टपरियो को बंद कराने को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही दबंगई व तोड़फोड़ करने की कड़ी निंदा की है।




उन्होंने आश्वासन दिया कि में इन सभी समस्याओं को सदन तक अवश्य पंहुचाऊंगा और सभी क्षेत्रवासियों से एक साथ जुट रहने की अपील करते हुए कहा कि सरकार के दबाव में हो रही पुलिस प्रशासन की गुंडागर्दी को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। आप एक साथ खड़े होकर मेरा साथ दें और मुझे आने वाली विधानसभा चुनाव में वोट देकर विधानसभा में भजेने का काम करें।

इसके बाद वहाँ से सीधे केदारनाथ जाते समय केदारघाटी में हेलीकॉप्टर क्रेस में नगीना निवासी अधिवक्ता धर्मपाल सिंह की पत्नी विनोद व नातीन श्रष्टी सिंह की हुई मौत पर उनके आवास पहुँचकर उनके परिवार वालों सांत्वना दी।

उधर रेलवे फाटक पर बन रहे अंडर पास का भी जायजा लेते हुए सीधा विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर हज मुबारक वर्ष का संचालन कर रहे बहारुद्दीन व कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी रफ़ीक ने की।

इस मौके क्षेत्र के हाजियों में हाजी सत्तार अहमद, मास्टर शूजाउद्दीन, फुरकान अहमद, नदीम अहमद, आबिद, नसीम, अनीस, रिहान आदि दर्जनों हाजी सहित कार्यकर्ताओं में जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, विवेक सेन प्रतिनिधि, रोहित सागर प्रतिनिधि, विपिन गुथलिया नगर अध्यक्ष से असलम सिद्दीकी, परवेज़ पाशी, अहमद अंसारी, जावेद अहमद, दीपक कुमार, आरिफ़ मलिक आदि सहित सैकड़ो कार्यकर्ता सहित मुफ्ती अबरार, मुफ्ती ओवैस अकरम, मुफ्ती अतीक़ कुर रहमान, हाजी हारुन तनवीर, बात वाले प्रधान इमरान कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

## दूध कारोबारी की पशु शाला की दीवार गिरने से चार पशुओं की मौत

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

दूध कारोबारी की टीन शैड की बनी पशुशाला की दीवार व टीन शैड की छत गिरने के दौरान मलबे में दबकर चार पशुओं की मौत हो गई। जबकि तीन महिलाओं सहित चार घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

नहटौर के नूरपुर मार्ग से मिलक अमराबाद लिंक मार्ग पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास तुफैल अहमद पुत्र शहाबुद्दीन का घर है।घर के पास ही उसने टीन शैड डालकर पशुशाला बना रखी है।उसने करीब 18 पशु पाल रखे हैं।वह दूध बेचने का काम करता है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह करीब 4:00 बजे बारिश के दौरान अचानक पड़ोसी नागेंद्र चौधरी के घर से लगी पशुशाला की दीवार गिरने लगी। पता चलने पर नागेंद्र चौधरी ने दूध कारोबारी के परिवार को बताया।जिस पर वह पशुशाला में बंधे पशुओं को बाहर निकलने लगे। इसी दौरान दीवार पर डाला गया सीमेंट का बीम और शेष दीवार के साथ टीन शैड की छत गिर गई। मलबे की चपेट में आने से चार पशुओं की मौत हो गई।

## अनियंत्रित स्कूली बस पलटी चार छात्र गंभीर रूप से घायल

✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷। अफजलगढ़। गुरुवार सुबह ग्राम चोहड़वाला के पास बड़ा हादसा हो गया। कालागढ़ की ओर से आ रही एक स्कूली बस, जिसमें करीब 25 छात्र सवार थे, अनियंत्रित होकर पलट गई। बस बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही थी। हादसे में चार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें रेफर किया गया है। अन्य बच्चों को भी चोटें आई हैं। घायलों में शुभ पुत्र नरेश (16 वर्ष) निवासी भिक्कावाला, रघुवीर सिंह पुत्र इंद्रजीत सिंह, ग्राम निवासी मीरापुर नांर्थ, निधि पुत्री चेतन, दक्ष और मयंक पुत्र राजकुमार निवासी बनियावाला, राकेश पुत्री दिनेश, पूरबदीप कौर पुत्री विचित्र सिंह निवासी मीरापुर और निशा पुत्री मोहित निवासी कालागढ़ शामिल हैं।

## दो बाइकों की टक्कर में एक महिला सहित तीन घायल

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷। नूरपुर मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में एक महिला सहित तीन घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को नहटौर क्षेत्र में नूरपुर मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें मुरादाबाद के नवीं बटालियन पीएसी निवासी रूपेश यादव 18 वर्ष पुत्र महेश यादव व उसकी मां अरूणा यादव 45 वर्ष व दूसरी बाइक सवार नूरपुर के मोहल्ला रविदास नगर का आकाश 22 वर्ष पुत्र बिजेश घायल हो गए।

## फ्लैट से साढ़े तीन लाख के गहने चोरी

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में बदमाशों ने दिनदहाड़े एक फ्लैट में घुसकर साढ़े तीन लाख रुपये के गहने चोरी कर लिए। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन दो के ए ब्लॉक में रहने वाली राज कन्या निजी कंपनी में कार्यरत हैं। सात जुलाई को दोपहर ढाई बजे वह फ्लैट बंद कर ऑफिस गई थीं। शाम को सात बजे लौटीं तो अलमारी में रखे साढ़े तीन लाख रुपये के गहने गायब थे। चोर ने खिड़की के रास्ते फ्लैट में घुसकर चोरी को अंजाम दिया। रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## सवारियों से भरा ई-रिक्शा पलटा, पांच घायल

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मुरादनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल के पास अनियंत्रित होकर एक ई-रिक्शा पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार पांच लोग घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। एक ई रिक्शा सवारी लेकर जलालाबाद की ओर से मुरादनगर जा रहा था। जब वह गंगनहर के पुराने पुल से दिल्ली मेरठ मार्ग की ओर जा रहा था, इसी बीच ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। ई-रिक्शा पलते ही चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने किसी तरह ई-रिक्शा को सीधा करके सवारियों को बाहर निकाला। सभी को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद सभी घर छुट्टी दे दी गई।

## दुकान से लाखों का सामान चोरी

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मुरादनगर के रावली मार्ग स्थित काकड़ा बिजली सब स्टेशन के पास बदमाश दुकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। गांव शहजादपुर निवासी यश शर्मा की रावली रोड काकड़ा बिजली सब स्टेशन के पास महादेव इलेक्ट्रोनिक की दुकान है। बदमाश देर रात बदमाश दुकान का ताला तोड़कर करीब एक लाख रुपए का सामान चोरी करके ले गए।

## दो किशोरी लापता, केस दर्ज

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मोदीनगर थानाक्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी मंगलवार को लापता हो गई। परिजनों ने निशांत निवासी गांव डोलचा थाना बलैनी जिला बागपत के खिलाफ अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरु कर दी है। इसके अलावा गोविन्दपुरी कॉलोनी से भी 16 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने अभिषेक निवासी हनुमानपुरी कॉलोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## तमंचा और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मोदीनगर इलाके में निवाड़ी पुलिस ने चेकिंग के दौरान पतला चौकी के निकट से एक व्यक्ति को तमंचा और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अभिजीत उर्फ बादल निवासी ग्राम नूरपुर थाना मसूरी है। आरोपी ने बताया कि वह पतला निवासी अपने दोस्त से मिलने आया था। टशन दिखाने के लिए तमंचा लगा रखा था।

## क्षेत्र के कई पूजा स्थलों पर धूमधाम से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷। गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर क्षेत्र के कई गांवों के मंदिरों पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गांव करनपुर गांवड़ी, मलपुरा, पैजनिया में गुरु पूर्णिमा पर्व परंपरागत रूप में मनाया गया। इस दौरान गांव मलपुरा में अंबेडकर धर्मशाला में श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं भोजन कराया गया। वहीं बाबा जीवनदास मंदिर पैजनिया में प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही पैजनिया चौराहा एवं क्षेत्र के कई गांवों में गुरु पूर्णिमा पर्व पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## गुरु पूजन के साथ निर्जल व्रत का समापन

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷। फुलसंदा आश्रम में श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन के उपरांत 40 दिवसीय निर्जल व्रत का समापन किया। इस अवसर पर श्रद्धालु द्वारा गुरु पूजा की गई। गुरूपर्व की पूर्व संध्या पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरुद्दी दरबार फुलसंदा आश्रम में पहुंचकर गुरू पूजन कर बाबा फुलसंदे वालों का आशीर्वाद लिया। गुरु पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने चालीस दिनों से चल रहे निर्जल व्रतों को खोला। बाबा फुलसन्दे वालो ने कहा कि सत्य के पथ पर चलकर ही परमेश्वर की प्राप्ति संभव है। पुण्य कर्म करते रहो और अपने जीवन की डोर परमात्मा को सौंप दो।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में कार्यालय खोलकर जालसाजों ने लोगों को विदेश में नौकरी का झांसा दिया। 70-80 हजार रुपये वेतन की नौकरी के फर्जी ऑफर लेटर दिए, वीजा के नाम पर पासपोर्ट और लाखों रुपये ले लिए।

एक माह पूर्व जालसाज कार्यालय बंद कर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर थाना इंदिरापुरम में बुधवार को रिपोर्ट दर्ज की गई है। गोरखपुर के गिरधरपुर निवासी शनि विश्वकर्मा इलेक्ट्रीशियन हैं। वह विदेश में जॉब के लिए प्रयास कर रहे थे।

दिसंबर 2024 में उन्होंने मिड जॉब्स नाम का ऐप इंस्टाल किया, जिसमें उन्होंने विदेश में जॉब करने के लिए आवेदन किया। उन्होंने अपने साथी भगवती चौधरी, आनंद विश्वकर्मा, अकाश विश्वकर्मा, चंदन चौरसिया, संदीप चौरसिया, लालचंद शर्मा, प्रिंस विश्वकर्मा समेत आठ लोगों का पंजीकरण ऐप में कराया, जिसके बाद उन्हें सुनील नाम के व्यक्ति ने फोन किया।

उसने पासपोर्ट समेत अन्य दशतावेज लेकर कंपनी के इंदिरापुरम के राज हंस प्लाजा स्थित कार्यालय में बुलाया। जनवरी 2025 में शनि व अन्य साथियों के दशतावेज दिए। यहां सुनील के साथ सहील अली भी मिला। दोनों ने बताया कि जॉर्डन में 80 हजार रुपये मासिक वेतन की जॉब मिलेगी। कंपनी की ओर से रहने व खाने की सुविधा होगी। साथ ही कहा कि एक व्यक्ति की जॉब के लिए 80 हजार रुपये खर्च बताया। इसमें वीजा शुल्क के साथ चिकित्सीय परीक्षण और विमान टिकट का शुल्क भी शामिल होगा। आरोपियों ने कहा कि 50 हजार रुपये एडवांस में देने होंगे और 30 हजार रुपये विदेश की उड़ान भरने से ठीक पहले भुगतान करना होगा।

शनि ने अपने खाते से सभी आठ लोगों के एडवांस के रूप में चार लाख रुपये दशतावेज समेत आरोपियों को दे दिए। जून के पहले सप्ताह में ही सुनील ने ऑनलाइन टिकट भेजकर बताया कि बाकी पैसों का इंतजाम कर लो। छह जून को विदेश जाना है। तीन जून को वह गोरखपुर से कंपनी के कार्यालय पहुंचे तो यहां ताला लटका मिला।

टिकट का सत्यापन किया तो सभी टिकट भी रद्द किए जा चुके थे। एक मोबाइल नंबर बंद है, जबकि दूसरा अब भी चल रहा है। शनि का कहना है कि आरोपियों ने पैसे तो हड़पे ही, उनके दशतावेज भी ले लिए। 50 से अधिक लोगों से ठगी शनि का कहना है कि उन्होंने आठ लोगों का पंजीकरण कराया था। मगर तीन जून को कार्यालय पहुंचे तो यहां 50 से अधिक लोग इकट्ठे थे।

सभी से इसी तरह ठगी की गई थी। आसपास के लोगों ने बताया कि कार्यालय पर 10 दिन से ताला लटका है। कई बार फोन करने पर भी जालसाज पैसे नहीं लौट रहे हैं। सीओ इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवाश्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोबाइल नंबर व बैंक खातों के आधार पर छानबीन कर रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## भूकंप के झटके लगते ही लोग घरों से बाहर निकले

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

एनसीआर समेत गाजियाबाद में गुरुवार की सुबह 9:07 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इससे घबराकर जिले की सोसाइटी और कॉलोनियों के लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए।

भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में रहा यहां रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई। इसकी वजह से दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। जैसे ही भूकंप आने की जानकारी हुई, जिले की बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोग तुरंत अपने-अपने घरों से बाहर की ओर भागे। बाहर निकलकर आए लोग एक दूसरे का हालचाल जानते, खबर देखते और अपनों से फोन पर बात करते नजर आए।

भूकंप से कोई नुकसान की खबर नहीं है। गुलमोहर एंक्लेव सोसाइटी निवासी रश्मि चौधरी ने बताया कि पंखे को हिलते देखा तब उन्हें एहसास हुआ कि भूकंप आया है। बता दें कि बीते छह महीने में दिल्ली-एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है।

इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था। वहीं, ट्रांस हिंडन की सोसाइटियों के व्हाट्सऐप ग्रुपों पर लोगों ने एक-दूसरे से जानकारी साझा की। फिलहाल किसी भी स्थान से जनहानि या संपत्ति को नुकसान की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, एनडीआरएफ पूरी तरह सतर्क है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# नाले में नवजात का शव मिला, कुत्तों ने नोंचा



✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में गुरुवार दोपहर नाले में एक नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गई। कुत्ते शव को नाले से खींचकर नोंच रहे थे। लोगों ने कुत्तों को भगाया और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस मामले की छानबीन कर रही। शालीमार गार्डन की राजीव कॉलोनी की गली नंबर 10 के नाले में गुरुवार दोपहर करीब एक बजे कुत्ते कुछ नोंचते हुए दिखे। सामने दुकान पर बैठे राकेश ने जाकर देखा तो नवजात का शव था। उन्होंने तुरंत कुत्तों को भगाया और पुलिस को सूचना दी।

इसके बाद एक शॉल पर शव को रखा। पुलिस को अंदेशा है कि बुधवार रात को हुई जोरदार बारिश के दौरान ही नवजात को नाले में बहाया गया है। जिस तरफ से शव बहकर आया है, उस इलाके में पुलिस की टीमें पूछताछ कर रही हैं।

अधिकारियों का कहना है कि नवजात की डीएनए जांच भी कराई जाएगी। सीओ शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह का कहना है कि नवजात की पहचान के प्रयास कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सात माह पहले पाइप में मिला था भ्रूण दिसंबर 2024 में इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के एक पीजी के पाइप में भ्रूण मिला था।

पानी की निकासी बाधित होने पर भवन मालिक ने पाइप को तुड़वाया तो इसमें भ्रूण फंसा मिला था। इस मामले में भी पुलिस ने डीएनए जांच कराई थी, लेकिन आज तक मामले का खुलासा नहीं हो पाया।

# दहेज के लिए पत्नी के पेट में मारी लात, हुआ गर्भपात

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला से दहेज के लिए ससुरालियों ने मारपीट की। पति ने महिला के पेट में लात मार दी, जिस कारण उनका गर्भपात हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति व ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौतमबुद्धनगर की महिला की दिसंबर 2024 में मकनपुर निवासी युवक से शादी हुई थी।

आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराली दहेज के लिए मारपीट कर रहे हैं। फरवरी में उन्हें चलती कार से फेंकने का प्रयास किया। कई बार कमरे में बंद कर उनसे मारपीट करते हुए गला दबाने की कोशिश की।

दो माह पूर्व पति, सास, जेठ, जेठानी, ननद व ननदोई ने उन्हें बुरी तरह पीटा और गहने छीन लिए। विरोध पर पति ने पेट में लात मार दी और वह गिर गईं। गनीमत रही कि इसी दौरान उनका भाई ससुराल पहुंचा और उसने उन्हें बचाया। मगर आरोपियों ने भाई को भी पीटा। किसी तरह भाई उन्हें लेकर अपनी कार तक पहुंचा, लेकिन आरोपियों ने कार के आगे सिलेंडर फेंककर उनकी हत्या की कोशिश की।

इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिसकर्मियों ने आकर उन्हें बचाया और वह भाई के साथ अपने मायके चली गईं। यहां परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जांच में पता चला कि पीड़िता का गर्भपात हो गया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी।

सीओ इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवाश्तव ने बताया कि पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नामी कंपनी के नकली ब्रेक शू बनाने वाला एक गिरफ्तार, भाई फरार

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

लोनी बार्डर थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस व कंपनी के अधिकृत एजेंट की शिकायत पर नामी कंपनी के नकली ब्रेक शू बनाने वाले फैक्टरी मालिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने भाई के साथ सेवा धाम मंदिर के पास मकान में नकली ब्रेक शू बनाने की फैक्टरी चला रहा था।

पुलिस को मौके से 762 पीसे ब्रेक शू, बनाने का सामान और उपकरण बरामद हुए है। दिल्ली के संत नगर बुराड़ी निवासी रविंद्र सिंह ए एस के ऑटोमोटिव लिमिटेड कंपनी करोल बाग के अधिकृत एजेंट है। उन्होंने बताया कि कंपनी टू और थ्री व्हीलर के लिए ब्रेक शू बनाती हैं। कंपनी ने उन्हें नकली ब्रेक शू बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकृत कर रखा है। उन्होंने बताया कि लोनी बार्डर थाना क्षेत्र स्थित सेवा धाम मंदिर के पास कंपनी के नाम से नकली ब्रेक शू बनाए जाने की सूचना मिल रही थी।

पुलिस उनके साथ मंगलवार को महामाया कुंज कालोनी में सेवाधाम मंदिर के पास एक मकान में छापेमारी की। मकान में कंपनी के नाम से बना गए नकली ब्रेक शू बरामद हुए। पुलिस ने मौके से फैक्टरी मालिक मनोज शर्मा निवासी बलबीर नगर शाहदरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने भाई अमित शर्मा के साथ मिलकर ब्रेक शू बनाता है और सश्ते दामों में बेच देता है। पुलिस को मौके से 762 ब्रेक शू और उन्हें बनाने का सामान व उपकरण बरामद हुआ है।

# साइबर फ्रॉड गिरोह बेनकाब, बीमा और बिटकॉइन के नाम पर ठगी, 5 गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



गाजियाबाद के थाना साइबर क्राइम टीम ने एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी खुद को विभिन्न बीमा कंपनियों का प्रतिनिधि या बीमा लोकपाल बताकर लोगों से संपर्क करते थे और बीमा पॉलिसी में अधिक मुनाफा दिलाने और पॉलिसी की रकम को बिटकॉइन में निवेश के नाम पर ठगी करते थे।

पुलिस ने इनके कब्जे से 5 मोबाइल फोन, एक लैंडलाइन डिवाइस, दो चेक, एक एटीएम कार्ड, एक लग्जरी कार, 1.83 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, अब तक गैंग कुल 44 लाख रुपए की साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम रवि प्रताप, विकास कुमार, नवीन, अनुज और गुंजन हैं। इन सभी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और पुलिस द्वारा उनकी पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है। आरोपियों ने पहले अलग-अलग कॉल सेंटर्स में काम किया था, जिससे उनके पास बीमा धारकों का डाटा पहुंचा। इसी डाटा के आधार पर आरोपी लोगों से संपर्क करते थे और उन्हें बताते थे कि उनकी बीमा पॉलिसी की राशि को बिटकॉइन में बदला जा रहा है, लेकिन इसके लिए कुछ रजिस्ट्रेशन शुल्क और अन्य प्रोसेसिंग फीस देनी होगी। लालच में आकर जब पीड़ित रकम भेजते थे, तो आरोपी उनसे संपर्क बंद कर देते थे।

यही नहीं, इन लोगों ने बीमा कंपनियों की वेबसाइट जैसी दिखने वाली नकली वेबसाइट भी बनाई थी, जिसमें अपने नंबर डाल रखे थे ताकि लोग भ्रमित होकर उनसे ही संपर्क करें। साइबर थाना पुलिस की इस सफलता पर टीम को 25,000 रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया है। पुलिस अब आरोपियों के पुराने मामलों और अन्य पीड़ितों की जानकारी इकट्ठा करने में जुटी है।

# जमीन विवाद में भाई ने की भाई की निर्मम हत्या

**शव को जलाते समय पहुची पुलिस आरोपी हुआ फरार**

✷ एनसीआर टुडे. चांदपुर ✷



थाना चांदपुर क्षेत्रांतर्गत गांव भोगपुर में ज़मीन विवाद के चलते बड़े भाई ने छोटे भाई की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी।

मृतक की पहचान 50 वर्षीय कमल के रूप में हुई है, जबकि आरोपी उसका बड़ा भाई मदन है। हत्या के बाद आरोपी शव को भैंसा बुग्गी में छिपाकर जंगल ले गया और उपलों पर रखकर जला रहा था। इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी, लेकिन पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। गांव निवासी स्वर्गीय रामपाल सिंह की करीब 20 दिन पहले ही मौत हुई थी। रामपाल के तीन बेटे थे, जिनमें से एक की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। रामपाल सिंह ने अपने जीवनकाल में अपनी संपत्ति छोटे बेटे कमल और पोते (मदन के बेटे) के नाम कर दी थी। इससे बड़ा बेटा मदन नाराज़ था और वह कमल के हिस्से की ज़मीन हड़पना चाहता था।

सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को मदन ने छोटे भाई कमल की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। हैरानी की बात यह है कि घर में मौजूद मां और अन्य परिजनों को भी घटना की भनक नहीं लगी, या उन्होंने किसी को बताया नहीं। गांव के लोगों का कहना है कि घर में कोई शोर नहीं हुआ और न ही किसी को हत्या की भनक लगी।

हत्या के बाद मदन ने शव को छुपाकर रखा और बुधवार को भैंसा बुग्गी में डालकर जंगल ले गया, जहां वह शव को उपलों पर रखकर जला रहा था। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी। चांदपुर थाना प्रभारी संजय कुमार तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन उन्हें देखकर मदन मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जलते हुए उपलों से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव में चर्चा है कि मृतक कमल 50 वर्ष की उम्र में भी अविवाहित था और वह लगातार अपनी शादी की बात करता था। वह अपने हिस्से की ज़मीन बेचकर शादी करना चाहता था, जिसे लेकर घर में पहले भी बहस हो चुकी थी। इसी बात को हत्या की वजह से जोड़कर देखा जा रहा है।

घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। किसी ग्रामीण ने हत्या होते नहीं देखी, और अब भी लोग खुलकर कुछ बोलने से कतरा रहे हैं। मौके पर पहुंची फील्ड यूनिट ने भी जांच के लिए नमूने इकट्ठा किए हैं। चांदपुर थाना प्रभारी संजय कुमार तोमर ने बताया कि, 'भाई ने भाई की कुल्हाड़ी से हत्या की है। मामला जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आरोपी की तलाश जारी है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम के दौरान गिरकर 30 वर्षीय युवक की मौत

✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷

थाना क्षेत्र के गांव कासमपुरगढ़ी निवासी एक 30 वर्षीय युवक की मेरठ मे निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करने के दौरान गिरकर मौत हो गई।

बृहस्पतिवार को परिजन बिना पुलिस कार्रवाई किये मृतक का शव अपने साथ गांव में लेकर पहुंची जहां मृतक युवक को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। गांव कासमपुरगढ़ी निवासी इकरार अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका चचेरा भाई मारूफ उम्र 30 वर्षीय पुत्र फारूख मेरठ में पीओपी का काम बिल्डिंग में करता था।

बुधवार को मेरठ में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में पीओपी का काम कर रहा था। अचानक उसका पैर हल्की जगह में रखा गया जहां बिल्डिंग के नीचे गिरने के दौरान मौके पर ही मारूफ मंसूरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा बृहस्पतिवार को बिना पुलिस कार्रवाई किये मृतक युवक मारूफ मंसूरी का शव को लेकर अपने घर पहुंची जहां जोहर नमाज के बाद मृतक युवक मारुफ मंसूरी के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत चूहा व छछूंदर नियंत्रण गोष्ठी का आयोजन



✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

कोतवाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत पित्तन हेड़ी में कृषि विभाग बिजनौर के द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत चूहा व छछूंदर नियंत्रण गोष्ठी का आयोजन ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में किया।

जिसमें कृषि विभाग से श्री मुकेश कुमार शर्मा सहायक विकास अधिकारी (कृषि), आदित्य कुमार गौतम सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) व आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही गोष्ठी में उपस्थित महिलाओं व किसानों को चुहा व छछूंदर से होने वाली बीमारी स्क्रब टायफस के प्रति जागरूक किया गया स्क्रब टायफस नामक बीमारी चहा व छछुंदर के माध्यम से मनुष्य में फैलती है इसलिए चुहे व छछूंदर को नियंत्रित करना अधिक आवश्यक है जिससे बच्चो व मनुष्य में यह बीमारी ना फैले, चूहा खेत व घर दोनों जगह पाया जाता है जबकि जंगली चूहा रेगिश्तान, निर्जन स्थान, झाड़ियां में पाया जाता है चूहा की संख्या को नियंत्रित करने के लिए निम्न तरीके अपनाए जाते हैं

1. चूहा की संख्या को नियंत्रित करने के लिए अन्न भंडार पक्का, कंक्रीट तथा धातु से बनी पात्रों (बखारी) में करना चाहिए ताकि उनको भोज्य पदार्थ सुगमता से उपलब्ध न हो सके।

2. चूहे अपना बिल झाड़ियों, कुंडो एवं मेडो आदि में स्थाई रूप से बनाते हैं खेतों का समय-समय पर निरीक्षण एवं साफ सफाई करके इनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है ।

3. चुहो के प्राकृतिक शत्रुओं बिल्ली सांप उल्लू लोमड़ी बाज एवं चमगादड़ आदि द्वारा चुहों को भोजन के रूप में प्रयोग किया जाता है उनका संरक्षण देने से चौहान की संख्या नियंत्रित हो सकती है।

4. चूहा दानी का प्रयोग करके उसमें आकर्षक आकर्षक चारा जैसे रोटी डबल रोटी बिस्कुट आदि रखकर चुहों फंसा कर मार देने से इनके संख्या नियंत्रित की जा सकती है।

5. घरों में ब्रोमोडियोलान 0.005 प्रतिशत के बने चारे की 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिंदा बिल में रखने से चूहे उसको खाकर मर जाते हैं।

6. एल्युमिनियम फास्फाइड दवा की तीन से चार ग्राम मात्रा प्रति जिंदा बिल में डालकर बिल बंद कर देने से उससे निकलने वाली फास्फिन गैस से चूहे मर जाते हैं।

# ग्राम प्रधान की लापरवाही से गांव की सड़के बनी जलाशय

✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷



क्षेत्र के ग्राम पैजनियां प्रधान की उदासीनता के चलते गांव के इतना जल भराव हुआ कि लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार हो गया। इस दौरान स्कूली बस के इंजन और साइलेंसर में पानी भरने से स्कूली बच्चों को घर जाने के लिए कई घंटे पानी के जाम के झाम में फंसा रहना पड़ा।

बुधवार को रात्रि में पैजनिया में भारी बारिश हुई। गुरुवार को दोपहर में जल भराव का नतीजा रहा कि गांव के मुख्य मार्गों के अलावा हनुमान मंदिर मार्ग, देवीपुरा मोहल्ला के मार्ग, अथाई जमरूद्दीन मार्ग में जल भराव हो गया। जिस कारण लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार हो गया। गांव में स्थित एक स्कूल के अलावा चांदपुर के स्कूल की बस इस जल भराव का शिकार हो गई।

पैजनियां के स्कूल की बस के इंजन में बारिश के जल भराव का पानी भर गया। बस में सवार मासूम स्कूली बच्चों ने बताया कि बस के साइलेंसर में पानी भर गया जबकि चालक ने बताया कि बस के इंजन में भी पानी भर गया।

मासूम स्कूली बच्चों ने बताया कि वह अपने घर 1 घंटे की देरी से पहुंचेंगे। हालांकि यह हालत ग्राम प्रधान नंदकिशोर फौजी की हठधर्मिता पैदा हुए हैं। इस बात को लेकर ग्रामीणों में ग्राम प्रधान के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाता हैं। और जब उससे कोई शिकायत करते हैं तो अनसुनी कर देता है ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के द्वारा गांव में गए विकास कार्य की जांच करने के साथ ही इसके द्वारा किए गए घोटाले की भी जांच की मांग की है।

इस संबंध में बीडीओ नूरपुर ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव पप्पन कुमार को गांव में जल भराव के निश्तारण का आदेश दिया गया है। शीघ्र ही जल भराव की समस्या का समाधान कराया जाएगा

## नगर पालिका ने वृक्षारोपण महोत्सव के तहत पौधे लगाए

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

नगर पालिका ने वृक्षारोपण महोत्सव अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया ओर नागरिकों को एक पेड़ अवश्य लगाने के लिए जागरूक किया। शासन के निर्देश अनुसार वृक्षारोपण महोत्सव के तहत नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ओम गिरी के नेतृत्व में पालिका कर्मचारियों ने नगर पालिका क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, कब्रिश्तान, शमशान घाट, झील पार्क सहित 8 स्थानों पर फल व छायादार पौधे लगाए।

## संपादकीय

# विकास पर भारी बढ़ती जनसंख्या

इन दिनों भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय कोरोना काल में रुकी पड़ी भारत की जनगणना जैसे विश्व के सबसे बड़े अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। वहीं विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक वैश्विक उत्सव है। यह दिन 'पांच अरब का दिन' (11 जुलाई 1987) की याद में मनाया जाता है, जब दुनिया की आबादी पांच अरब लोगों की हो गई थी।

भारत में आजादी के समय कुल जनसंख्या 33 करोड़ थी जो 2011 की जनगणना के मुताबिक बढ़कर 125 करोड़ पहुंच गई थी। यूएन के अनुमानों के अनुसार, वर्तमान में भारत की जनसंख्या 146.39 करोड़ है। आने वाले दशकों में ये आंकड़ा करीब 1.70 अरब तक जाएगा और फिर लगभग 40 साल बाद गिरावट शुरू होगी।

भारत की युवा जनसंख्या अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, जिसमें 0-14 वर्ष उम्र वर्ग में 24 प्रतिशत, 10-19 वर्ष उम्र वर्ग में 17 प्रतिशत तथा 10-24 उम्र वर्ग में 26 प्रतिशत युवा हैं। देश की 68 प्रतिशत जनसंख्या कामकाजी उम्र (15-64 वर्ष वर्ग) वाली है।

भारत की 65 फीसदी युवा आबादी जहां भारत का संबल है तो वहीं देश में बढ़ती बेरोजगारी जैसी बड़ी चुनौती का पर्याय भी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार मई-2025 में भारत में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। आज भारत में बड़ी संख्या में शिक्षित युवा वर्ग बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। बढ़ती जनसंख्या से प्रवासियों का एक राज्य से दूसरे राज्यों को पलायन बढ़ा है जो रोजगार को लेकर अब आपसी संघर्ष में बदल रहा है और इसका राजनीतिक लाभ के लिए भी इस्तेमाल हो रहा है।

बड़े शहरों में रेहड़ी फड़ी की बढ़ती भीड़ से सड़कों, गलियों में अतिक्रमण बढ़ने से ट्रैफिक जाम की समस्याएं खड़ी हो रही हैं। इस बार विश्व जनसंख्या दिवस 2025 की थीम है, युवा वर्ग को ऐसा समर्थ बनाना, जहां वे निष्पक्ष और आशाजनक दुनिया में अपने मनचाहे परिवार की रचना कर सकें। इससे अभिप्राय है कि युवा वर्ग को अपना भविष्य बनाने में मदद करना है, कि कब परिवार शुरू करें, कितने बच्चे हों और कैसे स्वस्थ माहौल में जियें। अस्सी के दशक से हम सभी 'हम दो हमारे दो' का नारा सुनते आए हैं।

लेकिन अब 'हम दो हमारे दो' के बाद नई पीढ़ी के नौजवान 'हम दो हमारा एक' की नीति पर चल पड़े हैं, जिससे धीरे धीरे जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम स्वतः गति पकड़ रहा है। लेकिन इसको लेकर केवल मध्यमवर्गीय शिक्षित युवा पीढ़ी ही गंभीर है, वर्ना अधिकांश अशिक्षित या अर्द्धशिक्षित वर्ग के लोग अभी भी तीन से चार बच्चों के साथ परिवार नियोजन की मांग की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। यही कारण है कि बढ़ती आबादी के चलते भारत, विश्व की चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के बावजूद विकासशील देशों की कतार में खड़ा है।

भारत की बढ़ती जनसंख्या का असर वैश्विक भूख सूचकांक-2025 (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) की रिपोर्ट में भी देखा जा सकता है, जिसमें 127 देशों की सूची में भारत 105वें स्थान पर है। 2024 के इंडेक्स में भारत का स्कोर 27.3 था, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों ने इसके लिए नीतियों के खराब कार्यान्वयन, प्रक्रियाओं में प्रभावी निगरानी की कमी, कुपोषण से निपटने का उदासीन दृष्टिकोण और बड़े राज्यों के खराब प्रदर्शन को दोषी ठहराया है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 14 फीसदी आबादी कुपोषण की शिकार है। बढ़ती आबादी के पीछे अशिक्षा, अंधविश्वास, परिवार नियोजन के तौर-तरीकों में जागरूकता का अभाव और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही जैसे बुनियादी कारण हैं।

ऐसा अनुमान है कि जनसंख्या वृद्धि के कारण नई पीढ़ी को भविष्य में बुनियादी जरूरतों और सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ेगा। आज भी भारतीयों को बेरोजगारी, स्वास्थ्य संकट, भुखमरी, चिकित्सा सुविधाओं, कुपोषण, स्वच्छ पेयजल की कमी, अच्छी शिक्षा, बिजली-पानी के संकट और गरीबी से बुरी तरह से जूझना पड़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण बेरोजगारी में वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव, शहरीकरण और झुग्गियों का विस्तार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर बोझ और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याओं में भी इजाफा हो रहा है।

इसके अलावा ग्रामीण आवास की समस्या, गंदा पानी और कूड़ा कचरा जैसी समस्याएं अलग से मुंह बाए खड़ी हैं। यदि समय रहते सरकारों ने आने वाली पीढ़ियों के सुंदर एवं सुखी जीवन देने के लिए अभी से प्रयास शुरू नहीं किए तो भविष्य में भावी पीढ़ियों के समक्ष आपसी संघर्ष की परिस्थितियां निर्मित होना तय है। इसके साथ ही जनसंख्या नियंत्रण के अभाव में देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

यह वक्त का तकाजा है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें जनसंख्या वृद्धि से पैदा हो रही चुनौतियों से निपटने के लिए एक सर्व स्वीकार्य कार्यक्रम सामने लेकर आएं ताकि भारतीय लोग परिवार नियोजन को स्वेच्छा से अपनाकर देश को आने वाली पीढ़ियों के लिए रहने लायक बनाने की दिशा में अपना योगदान दे सकें। सही तरीके से गर्भनिरोधक उपायों, गर्भपात, बन्ध्यीकरण, एकल बच्चा पैदा करने की नीति और परिवार नियोजन आदि उपायों से ही जनसंख्या वृद्धि को रोका जा सकता है।

हिमाचल प्रदेश में इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत अब एक बेटी के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवार को दो लाख रुपए मिलेंगे, वहीं दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन अपनाने पर अब एक लाख रुपए मिलेंगे। आईए इस 11 जुलाई, 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर हम एक ऐसे भारत की कल्पना करें जहां हर व्यक्ति को बेहतरीन जीवनशैली की सुविधाएं, उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं, श्रेष्ठ शिक्षा उपलब्ध हो, जहां मानवीय अधिकारों का सम्मान हो और राष्ट्र का सतत एवं सर्वांगीण विकास हो।

# क्यूबा के राष्ट्रपति से मुलाकात के मायने !


अर्जुन देशमुख

पूरी दुनिया में काफी कुछ ऐसा घटित हो रहा है जिसमे पता लगना मुश्किल हो रहा है कि आने वाले समय में कौन किसके साथ बैठेगा और किससे अपने रिश्ते निभाएगा।

अपने भारत की बात करें तो पिछले कुछ वर्षों के दौरान ऐसा लगा कि भारत और अमेरिका स्वाभाविक मित्र हैं। भारत अमेरिका के लिए बहुत मायने रखता है। यह बात इसलिए भी कही जा रही थी कि भारत के साथ मिलकर अमेरिका ने क्वाड का गठन किया।

इसमे उसने जापान और ऑस्ट्रेलिया को भी साथ रखा जिसका मकसद चीन को काबू करना था। इसी तरह अमेरिका ने पकिस्तान से भी दूरी बना रखी थी जो धीरे धीरे चीन के काफी करीब चला गया। भारत और इजराइल के बीच बढ़ते रिश्तों ने भी इसी के संकेत दिए क्योंकि इजराइल और अमेरिका की दोशती किसी से छिपी नहीं है। पर हाल के कुछ महीनों के दौरान सब कुछ बदलता सा दिख रहा है।

पहले छिपकर तो अब लगभग खुलेआम दोनों देशों के बीच दूरियां दिखने लगी हैं। अमेरिका अब भारत के दुश्मन पाकिस्तान के साथ गलबहियां कर रहा है। उसे पैसे दे रहा है, हथियार देने की भी बातें कर रहा है, उसके सामरिक बेसेज के इस्तेमाल की बातें सामने आ रही हैं। इसके उलट अमेरिका भारत पर टैक्स बोझ लादने की बातें कर रहा है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख को दावतें दे रहा है जो एक तरह से भारत के लिए उकसावे की बात है। इतना ही नहीं अमेरिका ब्रिक्स में भारत की भूमिका को लेकर भी चिढ़ रहा है।

हालत यह है कि अमेरिका जी-7 में भारत के साथ बैठक नहीं करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ब्रिक्स सम्मेलन छोड़कर चले जाते हैं। भारत को नीचा दिखाने के मकसद से ट्रम्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तब बुलाते हैं जब पाकिस्तानी सेना प्रमुख ट्रम्प के पास बैठा होता है। यानि वह भारत के प्रधानमंत्री और पाकिस्तानी सेना प्रमुख को एक ही तराजू में तौलने लगता है।

भारत अमेरिका रिश्तों की गर्माहट तब ठंडी दिखने लगती है, जब भारत भी जवाब देने लगता है। ट्रम्प के न्योते को मोदी ठुकरा देते हैं। टैक्स (टैरिफ) के मुद्दे पर भारत कोई रियायत देने से मना कर देता है। ब्रिक्स सम्मेलन में भारत अमेरिका के रुख का समर्थन नहीं करता है और अमेरिका की जगह रूसी हथियारों को तरजीह देने की बात सार्वजनिक करने लगता है। ऐसे में भारत का एक और कदम रिश्तों में



ठण्ड को तब फिर उजागर करता है जब भारतीय प्रधानमंत्री उस क्यूबा के राष्ट्रपति से मिलते हैं जिसके साथ अमेरिका के बहुत ही ख़राब संबंधों का इतिहास रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर प्रधानमंत्री क्यूबा के राष्ट्रपति में मिले क्यों? असके पीछे की मंशा क्या है और इसके मायने क्या हैं?

पृष्ठभूमि के लिए बता दें कि क्यूबा और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच आधुनिक राजनयिक संबंध ठंडे हैं, जो ऐतिहासिक संघर्ष और भिन्न राजनीतिक विचारधाराओं से उपजा है। इनके बीच शीत युद्ध के दौरान 1961 में संबंध टूट गए थे। हालाँकि दोनों देशों में 20 जुलाई, 2015 को राजनयिक संबंध बहाल हो गए पर रिश्ते अभी भी सामान्य नहीं हैं।

एक तरह से जो सम्बन्ध भारत और पाकिश्तान के हैं वैसे ही सम्बन्ध अमेरिका और क्यूबा के हैं। 1960 से अमेरिका ने क्यूबा पर आर्थिक और व्यापार प्रतिबंध लगा रखे हैं।

ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कानेल बरमूडेज़ से हाल ही में ब्राज़ील के रियो डी जनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान औपचारिक रूप से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, बायोटेक्नोलॉजी, पारंपरिक चिकित्सा (जैसे आयुर्वेद), डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और यूपीआई जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा भी की।

अमेरिका के कट्टर दुश्मन क्यूबा के राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री मोदी की इस मुलाकात से डोनाल्ड ट्रंप बुरी तरह से परेशान हुए होंगे, यह समझने की बात है।

दरअसल अमेरिका ने जिस तरह से भारत के साथ व्यवहार करना आरम्भ किया है उसमे दो ही बातें हो सकती थी। या तो ट्रम्प की हर बात में हाँ मिलाई जाये या फिर जैसे को तैसा वाला जवाब दिया जाये और बराबरी के आधार पर रिश्तें रखे जायें। संभवतः इसी सिद्धांत के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह मुलाकात की है। यानि साफ सन्देश दिया गया है कि यदि आप हमारे दुश्मन पाकिश्तान के साथ मिलेंगे और उससे गलबहियां करने की कोशिश करेंगे तो भारत भी आपके दुश्मन क्यूबा के साथ दोश्ती कर सकता है।

यानि आप हमें छेड़ने की कोशिश न करें। इस बात को प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को कूटनीतिक जवाब भी कहा जा सकता है। यह मुलाकात अमेरिका को यह बताने के लिए पर्याप्त है कि भारत केवल अमेरिका की नीतियों का पिछलग्गू नहीं। भारत एक सार्वभौम देश है और अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। इस मुलाकात के माध्यम से भारत ने अमेरिका को यह सन्देश भी दिया है कि जब हम ऐसा कर सकते हैं तो अमेरिका के टैरिफ के मुद्दे पर भी नहीं झुकने वाले हैं। अगर वहां भी अमेरिका कोई दादागिरी जैसी बात करता है तो उसे मुंह की खानी पड़ेगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# चुनाव आयोग का बिहार मॉडल

**कुमार कृष्णन**

बिहार चुनाव से पहले राहुल गांधी का चुनाव आयोग और भाजपा पर हमलावर होना और साथ ही बिहार बंद के वहाने विपक्ष का एकजुट होना, कहीं न कहीं एनडीए सरकार की नींद उड़ाने का काम कर रहा है, अब इंडिया गठबंधन। दरअसल देखा जाए तो राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से साफ साफ कह दिया है कि आयोग का काम भाजपा का काम करने का नहीं है, बल्कि संविधान की रक्षा करने का है और आयोग अपना काम नहीं कर रहा है।

राहुल गाधी ने कहा- मैं चुनाव आयोग मैं आपको साफ बोल रहा हूं। मैं बिहार और हिन्दुस्तान की जनता को स्पष्ट कह रहा हूं कि महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था और वैसे ही बिहार को चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया इसलिए वे बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों की वोट छीनने का तरीका है।

बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के बुलाए बिहार बंद और चक्काजाम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पटना में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, पप्पू यादव समेत कई विपक्षी नेता शामिल रहे। इस मौके पर जहां विपक्ष ने अपनी एकजुटता दिखाई तो वहीं राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को घेरने का काम किया।

राहुल ने साफ साफ चुनाव आयोग को निशाने पर लेते हुए कहा कि आयोग का काम भाजपा के लिए काम करना नहीं बल्कि संविधान के अनुसार चलने का है।

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन के मुद्दे पर बिहार बंद और चक्काजाम में राहुल गांधी ने शामिल होकर चुनाव आयोग और भाजपा को जमकर घेरा।

राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा ने चुनाव आयोग की सांठगांठ से चुनाव जीतने नहीं बल्कि चोर करने की कोशिश की और अब भाजपा उसी तर्ज पर बिहार का चुनाव भी चोरी करने की फिराक में है और हम ऐसा होने नहीं देंगे। मैं आपको साफ बताना चाहता हूं कि यह गरीबों का वोट छीनने का तरीका है, लेकिन इनको पता नहीं है कि ये बिहार है और बिहार की जनता ऐसा कभी नहीं होनी देगी।




इस कार्यक्रम के लिए पटना में महागठबंधन दल के सभी घटक दल के बड़े नेताओं का जुटान हुआ। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आयोजन में शामिल हुए। विपक्ष के सभी नेताओं ने आयकर गोलंबर से निर्वाचन आयोग कार्यालय तक मार्च किया। राहुल गांधी ने राजद, कांग्रेस, वाम दल और वीआइपी नेताओं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा, महाराष्ट्र के बाद अब बिहार में चुनाव आयोग हमारे मतदाताओं की चोरी कर रहा है। पहले इन्होंने महाराष्ट्र में जनादेश छीना अब बिहार की बारी है। इनका तरीका नया है मगर साजिश पुरानी है। जनता का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। महागठबंधन बिहार की जनता के साथ खड़ा है।

लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन जीतकर आया। जबकि विधानसभा चुनाव में हमारा गठबंधन बुरी तरह हार गया। उस समय हम लोगों ने कुछ नहीं कहा, लेकिन इस गंभीर विषय पर काम शुरू किया। हमने जांच की तो पता चला कि लोकसभा से ज्यादा मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव में मतदान किया। आश्चर्यजनक ढंग से एक करोड़ वोट बढ़ गए। एक दिन में चार से पांच हजार वोट रजिस्टर हुए। गरीबों के वोट काटे गए। जब हमने चुनाव आयोग से कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट दीजिए, तब चुनाव आयोग ने एक शब्द नहीं कहा।

राहुल गांधी बोले कि हमने चुनाव आयोग से कहा कि कानून कहता है कि हमें वोटर लिस्ट दी जाए, लेकिन आज तक महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट हमें नहीं मिली। वे सच्चाई छिपाना चाहते हैं। यही खेल वे बिहार में भी करना चाहते हैं। मैं बिहार की जनता से कहता हूं कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार चुनाव भी चोरी करने की कोशिश की जा रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव एवं कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला भारत बंद को मोदी सरकार के खिलाफ 'जनआक्रोश' करार दिया।

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। इस क्रम में विपक्ष ने बिहार बंद के जरिये अपनी लड़ाई को सड़क तक पहुंचा दिया है। चुनाव आयोग के इस कदम को लेकर राहुल गांधी के साथ ही तेजस्वी यादव भी बिहार बंद शामिल हो गए हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने अनुच्छेद 326 को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट किया है। इससे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि बिहार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से यह सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र लोग इसमें शामिल हों।

चुनाव आयोग द्वारा कहा गया है कि लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं के लिए निर्वाचनों का वयस्क मताधिकार के आधार पर होना लोक सभा और प्रत्येक राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे अर्थात प्रत्येक व्यक्ति, जो भारत का नागरिक है और ऐसी तारीख को, जो समुचित विधान-मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस निमित्त नियत की जाए, कम से कम अठारह वर्ष की आयु का है और इस संविधान या समुचित विधान-मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि के अधीन अनिवास, चित्तविकृति, अपराध या भ्रष्ट या अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा निरर्हित नहीं कर दिया जाता है, ऐसे किसी निर्वाचन में मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने का हकदार होगा।

इससे पहले बिहार की मतदाता सूची का जिक्र करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार में जो भी व्यक्ति एक जनवरी 2003 की मतदाता सूची में है, उसे संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत प्राथमिक दृष्टिकोण से योग्य माना जाएगा। दूसरे शब्दों में, जिन लोगों के नाम उस सूची में हैं, उन्हें कोई कागज जमा करने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि आयोग जल्द ही 2003 की बिहार मतदाता सूची को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा, ताकि इसमें शामिल करीब 4.96 करोड़ मतदाताओं को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए गणना प्रपत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले संबंधित हिस्से को निकालने में सुविधा हो। कुमार ने बताया कि जिन मतदाताओं के माता-पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में है, उन्हें केवल अपने जन्म स्थान/तिथि के बारे में दश्तावेज देने होंगे। बिहार में अभी 243 विधानसभा सीट पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव प्रश्तावित हैं।

कुमार ने बताया कि जिन मतदाताओं के माता-पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में है, उन्हें केवल अपने जन्म स्थान/तिथि के बारे में दश्तावेज देने होंगे। बिहार में अभी 243 विधानसभा सीट पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव प्रश्तावित हैं।

इस प्रक्रिया की जल्दबाजी और अपारदर्शी प्रकृति लाखों योग्य मतदाताओं के गलत तरीके से बहिष्कृत होने का जोखिम है, जो न केवल चुनावी प्रणाली की अखंडता के लिए बल्कि समानता, बंधुत्व और न्याय के संवैधानिक मूल्यों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती है।

# विश्व जनसंख्या दिवस : विश्व में बढ़ती जंनसंख्या एक विस्फोट : जिम्मेवार कौन?

**नरेन्द्र भारती**

बेशक 11 जुलाई 2025 को दुनिया के देशों में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस औपचारिकता मात्र रह गए है। 2025 में जनसंख्या दिवस का थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना रखा गया है ।हर साल विश्व में एक संकल्प लिया जाता है कि जनसंख्या को नियंत्रित किया जाएगा मगर धरातल पर कुछ नहीं होता।

साल 1989 से जनसंख्या दिवस को मनाने का निणर्य लिया गया था। बढ़ती जंनसंख्या बहुत ही चिंतनीय विषय है। आज हमारे देश की जनसंख्या 146 करोड़ से अधिक है यह दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। चीन की आबादी एक सौ चालीस करोड़ से अधिक है। 1947 में भारत की जनसंख्या 34 करोड़ थी। यह निरंतर बढ़ती ही जा रही है। बढ़ती जनसंख्या चिंता का सबब बनती जा रही है। विश्व की जनसंख्य 8.180 बिलियन है।

1918 में 1.8 बिलियन थी। देश के लोगों को आज जनसंख्या को नियंत्रित करने का संकल्प लेना होगा। भारत व चीन विश्व के अधिक जनसंख्या वाले देश है। प्रतिवर्ष जनसंख्या दिवस पर लोगों को जागरुक किया जाता है। सैमीनार लगाए जाते है रैलीयां निकाली जाती है। मगर एक दिन के दिवस से जनसंख्या को रोकना नाकाफी है। नुकड नाटकों के माध्यम से लोगों को जनसंख्या से हो रही मुश्किलों से अबगत कराया जाता है। मगर लोगों के सिर जूं तक नहीं रेंगती। जनसंख्या के बढ़ते काफिले को रोकना होगा। सरकारों द्वारा जनसंख्या के बढ़ते सैलाब को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियानों पर करोंडों रुपया खर्च किया जाता है।

विश्व में जनसख्या बढ़ती ही जा रही है। जनसंख्या रोकने के लिए सरकारों के प्रयास विफल होते जा रहे है। लोगों द्वारा मनमानी की जा रही है। सरकार जनसंख्या को रोकने के लिए कई अभियान चला रही है। हम दो हमारे दो का नारा दिया गया मगर किसी ने भी इस पर अमल नहीं किया। लड़के की चाह में आधा दर्जन तक बच्चे पैदा कर लिए। आज लड़का-लड़की में भेदभाव किया जा रहा है। आज सब बराबर है।

अगर छोटा परिवार होगा तो हर आदमी सुखी जीवन जी सकता है। कुछ मनमानी करने वालों ने क्रिकेट की टीमें पैदा कर दी है। आज जनसंख्या का विकराल रुप होता जा रहा है। आज हालात बद सक बदतर होते जा रहे है। बढ़ती जनसंख्या एक बहुत ही खतरनाक विस्फोट है। जंनसंख्या को नियत्रित करना होगा ताकि हर मानव को रोटी कपड़ा और मकान व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं मिल सके। आज विशव में बेरोजगारी का मुख्य कारण जंनसंख्या ही है। एक पद के लिए लाखों लोग प्रयास कर रहे है। आबादी बढती जा रही है और साधन घटते जा रहे है। अस्पतालों में बेतहाशा भीड़ है। इलाज नहीं मिल रहा है। इलाज के अभाव में लोग दम तोड रहे है।

दवाईषं नहीं मिल रही है। भेजन नहीं मिल रहा है। जनसंख्या ही मूल कारण है। परिवार नियोजन जैसे नारों का उलंघ्धन किया जा रहा है। नसबंदी व नलबंदी जैसे अभियान चलाए जा रहे है। नसबंदी के बाद भी बच्चे पैदा होने के मामले सामने आते है।

# ट्रंप की वापसी और व्यापार युद्ध की वैश्विक आग : दुनिया के लिए चेतावनी की घंटी

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, युद्ध और महंगाई जैसे संकटों से जूझ रही है, ऐसे में एक बार फिर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वापसी की संभावनाओं के साथ वैश्विक व्यापार युद्ध की आहट सुनाई देने लगी है।

हाल ही में ट्रंप द्वारा कई देशों को भेजे गए पत्रों और उनकी सख्त व्यापार नीति के बयान इस बात का संकेत हैं कि यदि वे फिर से सत्ता में आते हैं, तो 'अमेरिका सर्वप्रथम' की नीति के तहत विश्व व्यापार व्यवस्था को झकझोर देने में वे पीछे नहीं हटेंगे।

यह केवल अमेरिकी चुनावी राजनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि एक ऐसी सोच है जो पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिरता, व्यापारिक समझौतों और राजनयिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि वे व्यापार को कोई कूटनीतिक माध्यम नहीं, बल्कि दबाव बनाने का साधन मानते हैं। चीन, मैक्सिको, यूरोपीय संघ, भारत-किसी को भी नहीं छोड़ा।

उन्होंने आयात शुल्क को हथियार बनाकर अपने हित साधे और जबरदस्ती शर्तें मनवाईं। अब एक बार फिर, ट्रंप ने अपने बयानों में यह चेताया है कि यदि अन्य देश अमेरिका के साथ 'उचित' व्यापार समझौते नहीं करते, तो उन्हें भारी शुल्क देना होगा।

उनके हालिया पत्रों में स्पष्ट रूप से 10 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की चेतावनी दी गई है। यह सिर्फ धमकी नहीं, बल्कि एक रणनीति है जो वैश्विक व्यापार सहयोग को प्रतिस्पर्धा और भय में बदल देती है। भारत को ट्रंप की इन नीतियों से दोहरे परिणाम मिल सकते हैं। एक ओर, अमेरिका चीन से दूरी बनाकर भारत जैसे देशों की ओर रुख कर सकता है, जिससे भारत को व्यापारिक अवसर मिल सकते हैं।

दूसरी ओर, ट्रंप की 'कड़ी शर्तों वाली' व्यापार नीति भारत को अमेरिकी दबाव में ला सकती है। भारत पहले भी ट्रंप प्रशासन के दौरान कुछ उत्पादों पर शुल्क बढ़ोतरी का शिकार बन चुका है-जैसे इस्पात और एल्यूमिनियम। यदि ट्रंप फिर सत्ता में लौटते हैं, तो यह दबाव और अधिक हो सकता है। विशेष रूप से औषधि उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं, और वस्त्र उद्योग जैसे क्षेत्रों में भारत को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

व्यापार युद्ध किसी एक देश की समस्या




नहीं होती-यह पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। जब अमेरिका शुल्क बढ़ाता है, तो बदले में अन्य देश भी प्रत्युत्तर में शुल्क लगाते हैं।

इससे वैश्विक आपूर्ति तंत्र टूटता है, महंगाई बढ़ती है, और आर्थिक मंदी का खतरा मंडराता है। 2018-19 के दौरान ट्रंप और चीन के बीच चले व्यापार युद्ध से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता आई थी। विश्व व्यापार संगठन को भी झटका लगा था, और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की वृद्धि दर में गिरावट देखी गई थी। वही स्थिति अब फिर से उत्पन्न हो सकती है।

ट्रंप के पत्रों में स्पष्ट रूप से लिखा है-"या तो आप व्यापार समझौता करें, या 60 प्रतिशत शुल्क भरें।" यह भाषा किसी सभ्य कूटनीतिक वार्ता की नहीं, बल्कि व्यापारिक दबाव की है। वे अमेरिका को 'व्यापार का सर्वश्रेष्ठ केंद्र' समझते हैं और अन्य देशों को केवल ग्राहक।

उनकी यह शैली 'राजनयिक आतंकवाद' जैसी प्रतीत होती है-जहां व्यापार एक हथियार है, और विरोध का अर्थ है दंड। यह नीति न केवल व्यापारिक संतुलन को प्रभावित करती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों को भी तनावपूर्ण बना सकती है। उनके दृष्टिकोण में दीर्घकालिक सहयोग के लिए कोई स्थान नहीं है, केवल तात्कालिक लाभ सर्वोपरि है।

ट्रंप ने उच्च तकनीक उद्योगों और सेमीचालक निर्माण क्षेत्र को भी निशाना बनाया है। वे चाहते हैं कि अमेरिका के बाहर बनने वाले उन्नत तकनीकी उत्पादों पर भारी शुल्क लगाया जाए, ताकि कंपनियाँ अमेरिका में उत्पादन करें।

इससे भारत की सूचना प्रौद्योगिकी आधारित कंपनियों को भी झटका लग सकता है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को सेवाएं देती हैं। यदि ट्रंप ने कामकाजी वीज़ा नीति को फिर से कठोर किया, तो भारतीय तकनीकी विशेषज्ञों को अमेरिका में नौकरी पाने में कठिनाइयाँ होंगी।

ट्रंप का 'अमेरिका सर्वप्रथम' नारा वैश्वीकरण की भावना के विपरीत है। यह राष्ट्रवाद को व्यापार के केंद्र में रखता है और सहयोग की बजाय प्रतियोगिता को महत्व देता है। लेकिन आज की अंतरसंबंधित विश्व अर्थव्यवस्था में कोई देश अकेले आगे नहीं बढ़ सकता।

आज की दुनिया साझेदारी आधारित विकास की मांग करती है-जहां तकनीक, व्यापार और नवाचार एक साथ चलते हैं। ट्रंप की नीति इस ताने-बाने को तोड़ सकती है।

ट्रंप की इस नीति से अमेरिका और अन्य देशों के बीच अविश्वास बढ़ सकता है। चीन और रूस पहले से अमेरिका से दूरी बनाए हुए हैं। अब यदि ट्रंप दक्षिण एशियाई और यूरोपीय देशों पर भी इसी प्रकार दबाव डालते हैं, तो एक नया राजनयिक विभाजन देखने को मिल सकता है।

यह व्यापार युद्ध धीरे-धीरे एक नया वैश्विक ध्रुवीकरण बन सकता है-जहां देश अलग-अलग समूहों में बंट जाएंगे।

भारत को चाहिए कि वह इस व्यापार युद्ध की स्थिति में न तो अमेरिका पर पूरी तरह निर्भर हो, और न ही चीन या रूस की ओर झुके। उसे 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को सशक्त बनाते हुए यूरोप, अफ्रीका, और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ वैकल्पिक व्यापारिक संबंध मजबूत करने चाहिए। साथ ही, भारत को विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ट्रंप की व्यापार नीति का तर्कसंगत विरोध भी करना चाहिए।

अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों का सीधा असर भारत के निर्यात पर पड़ता है। इससे भारत के उत्पाद महंगे हो जाते हैं और उनकी प्रतिस्पर्धा घटती है।

भारतीय कंपनियों का मुनाफा कम होता है, जिससे उत्पादन घटता है और नौकरियाँ जाती हैं। वहीं अमेरिका में भी उपभोक्ताओं को वही वश्तुएं अधिक मूल्य पर खरीदनी पड़ती हैं।

इस प्रकार यह स्थिति दोनों देशों की आम जनता के लिए घातक होती है। व्यापार युद्ध से केवल उद्योगपति नहीं, बल्कि श्रमिक, किसान, लघु उद्यमी और उपभोक्ता सभी प्रभावित होते हैं।

ट्रंप की वापसी और व्यापार युद्ध की धमकी को भारत और विश्व को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह केवल एक व्यक्ति की नीति नहीं, बल्कि एक ऐसी विचारधारा है जो पूरी वैश्विक व्यापारिक संरचना को चुनौती देती है। भारत को दूरदर्शिता से काम लेते हुए, वैकल्पिक साझेदारियाँ, आत्मनिर्भर आर्थिक ढांचा और वैश्विक मंचों पर सक्रिय भागीदारी के द्वारा इस संकट का समाधान खोजना होगा। यदि व्यापार को युद्ध में बदल दिया गया, तो कोई भी राष्ट्र विजेता नहीं बनेगा-केवल दुनिया हारेगी।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन**: 9899683800 वेबसाइट : www.ncrtoday.in **ई-मेल**: todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## संक्षिप्त समाचार



## सदर की तीन दुकानों के आधी रात को तोड़ दिए ताले, लाखों के माल साफ; सीसीटीवी में कैद हुए चोर

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के सदर में तीन दुकानों के ताले तोड़कर लाखों का माल चोरी कर लिया गया। ये घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। वहीं इस वारदात के बाद लोगों में आक्रोश है। पुलिस से जल्द खुलासे की मांग की गई है। आगरा के सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात को तीन दुकानों को चोरों ने निशाना बना लिया। ताले तोड़कर लाखों रुपये का सामान और नकदी चोरी करके ले गए। बुधवार सुबह स्थानीय निवासियों ने दुकानदारों को जानकारी दी। चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। पुलिस फुटेज की मदद से चोरों की पहचान के प्रयास में लगी है। घटना से दुकानदारों में आक्रोश है। उन्होंने गश्त की मांग की है।

स्वामी धाम चौराहा, रोहता पर ककुआ, मलपुरा निवासी विजय चाहर की मोबाइल, अयोध्या कुंज निवासी हिमांशु फौजदार की साड़ी और मलपुरा निवासी बच्चू सिंह की हलवाई की दुकान है। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने दुकानों के ताले टूटे देखे। इस पर दुकानदार मौके पर पहुंचे। दुकानों के शटर उठे थे। मोबाइल की दुकान से चोर 16 हजार रुपये, मोबाइल, कंप्यूटर एवं एसेसरीज चोरी करके ले गए। हलवाई की दुकान से दो गैस सिलेंडर और साड़ी की दुकान से 10 हजार रुपये और 10 साड़ी सहित कॉस्मेटिक का सामान चोरी कर लिया। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक करने पर पता चला कि रात करीब 1 बजे दो चोर आए थे। एक युवक लोहे ही रॉड से ताला तोड़ता है। कुछ देर बाद दूसरा आ जाता है। दोनों शटर उठाकर सामान निकालने के बाद एक-एक करके फरार हो जाते हैं।

**तीन दुकानों में चोरी से दुकानदारों में आक्रोश:** तीन दुकानों में एक साथ चोरी हो जाने से दुकानदारों में आक्रोश है। उनका कहना है कि दुकान वाले रोड से 24 घंटे लोगों का आना जाना लगा रहता है। पुलिस से गश्त करने की कई बार मांग की मगर कोई फायदा नहीं हुआ। पुलिस गश्त पर होती को चोरी नहीं होती।

## सावन में यहां बनाई गई सवा लाख रुद्राक्ष से शिवलिंग, देखकर मंत्रमुग्ध हो गए श्रद्धालु



**आगरा, एजेंसी।** श्री महाकालेश्वर मंदिर दयालबाग में कैलाश मानसरोवर की झांकी में बुधवार को विधि-विधान से भूमि पूजन के साथ सवा लाख रुद्राक्षों से बने शिवलिंग की स्थापना की गई। शिवलिंग देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। 11 फीट ऊंचा रुद्राक्ष शिवलिंग शिव तत्व का साक्षात दर्शन करा रहा है। सावन महोत्सव समिति की ओर से 11 से 17 जुलाई तक आयोजित होने जा रहे सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा एवं महा रुद्राभिषेक महोत्सव का शुभारंभ भूमि पूजन से हुआ।पंडित सुनील कुमार वशिष्ठ ने बताया कि समिति के सदस्य सुनील सिंघल के मार्गदर्शन में 40 दिनों में शिवलिंग तैयार हुआ है। इसमें साढ़े तीन क्विंटल धातु, सवा लाख रुद्राक्ष, पांच किलो रुई और निरंतर बहती जलधारा जैसी विशेष वस्तुओं का संयोजन हुआ है। उन्होंने बताया कि 21 फीट लंबा वासुकी नाग भी शिवलिंग पर विराजमान है। कैलाश मानसरोवर झांकी में मानसरोवर झील रूपी एक कुंड भी जोड़ा जाएगा, जिससे यह झांकी शिवलोक की प्रतीकात्मक प्रतिकृति बन जाएगी। श्री शिव महापुराण कथा आचार्य मृदुलकांत शास्त्री करेंगे और 14 जुलाई को शिव बरात निकाली जाएगी।

### सीएम योगी बोले-

# पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे, अधिकारी इसका ध्यान दें- पैसे की तंगी से न रुके किसी का उपचार

**गोरखपुर, एजेंसी।** जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर आनुष्ठानिक कार्यक्रम की व्यस्तता के बावजूद जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। गुरुवार सुबह गुरु पूर्णिमा पूजन के बाद गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना।



सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

## बेबी कॉर्न की खेती से किसानों को बड़ा मुनाफा, बढ़ती डिमांड से लाखों की कमाई; 90 दिन में तैयार होती है फसल

**आगरा, एजेंसी।** किसान संकर मक्का के अलावा बेबी कॉर्न और स्वीट कॉर्न की खेती भी कर रहे हैं। कम समय में तैयार होने और अधिक मुनाफा देने वाली इन फसलों की खेती से वह मालामाल हो रहे हैं। परंपरागत खेती की बढ़ती लागत और कम होते मुनाफे के कारण किसानों का रुझान अब नई और अधिक मुनाफे वाली फसलों की ओर हो रहा है। यही कारण है कि किसान अब देसी एवं संकर मक्का के साथ ही बेबी कॉर्न और स्वीट कॉर्न की खेती कर रहे हैं। यह फसलें न सिर्फ कम अवधि में तैयार हो जाती हैं बल्कि बाजार में अधिक भाव होने से आय भी परंपरागत फसलों से अधिक हो रही है। अवागढ़ क्षेत्र में लगभग 100 बीघा क्षेत्रफल में इसकी खेती की जा रही है। साधारण मक्का की दर करीब 2000 रुपये प्रति क्विंटल रहती है। वहीं, बेबी कॉर्न और स्वीट कॉर्न होटल, रेस्तरां आदि में सप्लाई की जाती है। इसका भाव 8 से 10 हजार रुपये प्रति क्विंटल मिल जाता है।

**सलाद और अचार के साथ ही अन्य व्यंजनों में होता है इसका उपयोग:** बेबी कॉर्न और स्वीट कॉर्न का उपयोग सलाद व अचार के साथ पिज्जा बनाने में भी किया जाता है। स्वीट कॉर्न का दाना मीठा होने के कारण इसका सूप बनाया जाता है। यह पौष्टिक होने के चलते स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। गांव पुन्हैरा निवासी किसान रामसेवक ने बताया कि इस फसल को किसी भी मौसम में कर सकते हैं जिसकी वजह से नुकसान की आशंका कम रहती है। कुछ लोग ठेका लेकर खेती करते हैं, जिससे और लाभ होता है। पिपहरा निवासी किसान पंचम सिंह ने बताया कि साधारण फसलों में अधिक लाभ नहीं होता। इस फसल की बात करें तो काफी बचत हो जाती है।

### गुरुकुल में छात्र की मौत:

## हादसा नहीं, हत्या है... पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बड़ा खुलासा, तीन आचार्य हिरासत में



अनुराग
मृतक का फाइल फोटो

**शाहजहांपुर, एजेंसी।** शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र के गांव रुद्रपुर स्थित गुरुकुल महाविद्यालय के छात्र अनुराग की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर भारी वस्तु से प्रहार किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने प्रथमदृष्टया हत्या की घटना मानते हुए बुधवार को करीब एक घंटे तक गहन छानबीन की।

26 छात्रों को थाने में लाकर पूछताछ की गई। तीन आचार्यों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने घटनास्थल से मिले डंडे व गमले आदि कब्जे में लिए हैं। कन्नौज जिले के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के गांव रामखेड़ा निवासी ब्रजेश सिंह यादव का 13 वर्षीय बेटा अनुराग तिलहर थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गांव स्थित गुरुकुल महाविद्यालय में कक्षा छह का छात्र था। मंगलवार को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर परिजन पहुंचे तो उन्हें शव राजकीय मेडिकल कॉलेज में मिला। उसके कान व नाक से खून बह रहा था। देर रात में छात्र की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आई तो उसमें सिर पर भारी चीज से प्रहार व गर्दन के पास चोट की पुष्टि हुई।

## सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक 15 जुलाई को

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

सांसद सतीश कुमार गौतम की अध्यक्षता में जिला श्तरीय ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 15 जुलाई मंगलवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से कलैक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की जाएगी।

बैठक में जिले में संचालित प्रमुख ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, जिनमें मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम प्रमुख हैं।

शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों में गति लाने, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सुनिश्चित कराने तथा पारदर्शिता के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिशा समिति की यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के जिला श्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण और समिति के अन्य सदस्य भाग लेंगे।

## एएमयू में मार्कशीट रोकने छात्रों ने किया प्रदर्शन, वीसी के नाम सौंपा ज्ञापन



✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के स्नातक के छात्र छात्राओं ने गुरुवार को मार्कशीट रोकने के विरोध में बाबे सय्यद गेट पर गाड़ियां रोड जाम कर प्रदर्शन किया। छात्रों ने अटेंडेंस पूरी होने के बाद भी जीरो अटेंडेंस दिखाने का आरोप लगाया।

उन्होंने एक ज्ञापन वीसी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। छात्र छात्राओं ने बताया कि 6 और फाइनल सेमेस्टर वाले करीब 300 से 400 बच्चे हैं। जिनको अटेंडेंस के कारण डिटेण्ड कर दिये हैं। इस कारण छात्र किसी भी कोर्स में अपनी काउंसलिंग पूरी नही कर पा रहे हैं और काउंसलिंग पूरी न होने के कारण वह किसी भी कोर्स में एडमिशन नही ले सकते। यानी उनका साल खराब हो रहा। इससे उनका काफी लॉस होगा। इनमें कई छात्र ऐसे भी हैं जिन्होंने फॉरेन कंट्रीज़ में एडमिशन ले लिया है मास्टर में। यहां से उनका ग्रेजुएशन खत्म है। यहां वो केवल अपनी मार्कशीट के लिए रुके हुए थे। अब उनको पता चला है मार्कशीट में वाई लिखा आया है। यानी वो डिटेन कर दिये हैं। जब तक यहां से क्लियर नहीं होंगे और आगे जा नहीं पाएंगे। आज हम केवल एक मर्सी अपील करने आये हैं। वीसी मैडम के नाम एक एप्लिकेशन भी लिखी है।

आज से पहले छात्र दो बार कंट्रोलर साहब और एडमिनिस्ट्रेश से। वो आश्वासन देकर छात्रों को भेज देते हैं। बाबे सय्यद गेट पर छात्रों को आने की मजबूरी इसलिए बनी क्योंकि की आज लास्ट डेट है।

काउंसलिंग की कुछ कुर्सेस में, जो एएमयू में ही है। छात्रों ने आगे बताया कि वीसी मैडम की तरफ से 75 परसेंट अटेंडेंस का नोटिस निकल था। उसकी वजह से बच्चे डिटेण्ड है तो वो अपनी गलती मान रहे हैं। इसलिए उन्होंने एप्लीकेशन लिखकर वीसी मेडम से रिक्वेस्ट की है कि वह इस मामले को देखें। साथ ही इसको सॉल्व करें। जिससे छात्र का आगे भविष्य खराब न हो। जबकि नियम है कि अटेंडेंस शॉर्ट है तो एग्जाम में बैठने नही दिया जाएगा। लेकिन यहां सभी छात्र एग्जाम में बैठे। लेकिन लास्ट में आकर छात्रों को डिटेन कर दिया और कहा कि वह आगे बढ़ने के लिए सक्षम नहीं है।

## सड़कें जलमग्न...डूब गई रेलवे लाइन, आफत बनकर बरसे मेघ, अगले 48 घंटे मूसलाधार बारिश का अलर्ट



**आगरा, एजेंसी।** मूसलाधार बारिश ने बुधवार को शहर का बुरा हाल कर दिया। दो घंटे में हुए रिकॉर्ड 41.1 एमएम बारिश से गली, मोहल्ले और पॉश कॉलोनियों में लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ा। हाईवे पर भी पानी ही पानी दिखाई दे रहा था। बुधवार को बारिश के मामले में आगरा प्रदेश में अव्वल रहा। मूसलाधार बारिश ने शहरवासियों को गर्मी से राहत दी वहीं, जलभराव ने वाहनों की रफ्तार को थाम दिया। बारिश के बाद करीब दो घंटे तक पूरा शहर जाम से जूझता रहा। जलभराव में वाहन भी फंस गए। चालक वाहनों को खींचते हुए नजर आए। वहीं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पानी भरने से व्यापारियों को खासा नुकसान हुआ। मौसम विभाग अगले तीन दिन तेज बारिश के आसार व्यक्त कर रहा है।

**यहां-यहां हुआ जलभराव:** बल्केश्वर स्थित गंगे गौरी बाग कॉलोनी में जलभराव हो गया। ऐसे में लोगों को रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया। पानी में जाने की वजह से वाहन बंद हो गए। ढाई फीट तक पानी भर गया। वाटर वर्क्स पर भी वाहनों की लंबी लाइन लग गई। हाईवे के सर्विस रोड पर सुल्तानगंज की पुलिया तक वाहन जाम में फंसे रहे। ट्रांस यमुना कॉलोनी फेज दो में गलियों में पानी भर गया। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने कहा कि नगर निगम नाला सफाई के दावे कर रहा है। हर बारिश में सड़कों पर पानी बहता नजर आता है।

## गजब की पाठशाला: बारिश में जलमग्न हुआ स्कूल का फर्श, पानी में बैठकर पढ़ रहे बच्चे

**आगरा, एजेंसी।** एटा में बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। ऐसे में राजा का रामपुर क्षेत्र के बिल्सड़ पट्टी के प्राथमिक विद्यालय की तस्वीर सामने आई है, जहां बच्चे पानी में बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। राजा का रामपुर क्षेत्र के गांव बिल्सड़ पट्टी के प्राथमिक विद्यालय में बारिश का पानी भर गया है। बच्चे और शिक्षक सभी परेशान हैं। कक्षा कक्षों में जलभराव होने की वजह से बच्चों को पानी में ही बैठकर पढ़ना पड़ रहा है। प्राथमिक विद्यालय का भवन काफी पुराना है। सड़क का निर्माण होने पर स्कूल सड़क से चार फीट नीचा हो गया है। इससे बारिश का पानी स्कूल में भर जाता है। बारिश होने पर स्कूल के सभी कमरे तालाब का रूप ले लेते हैं। इन दिनों भी जलभराव है और शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। समस्या के समाधान के लिए उच्चाधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। बीईओ विनोद कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। स्कूल का स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का समाधान कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।



### दुष्कर्म मामले में नया मोड़...

# क्रिकेटर यश दयाल ने बताया क्यों फंसा रही है युवती; साजिश में तीन सहयोगी भी

**प्रयागराज, एजेंसी।** दुष्कर्म के आरोपों में फंसे क्रिकेटर यश दयाल ने अब महिला मित्र के खिलाफ खुल्दाबाद थाने में तहरीर दी है। लैपटॉप-मोबाइल चोरी करने और खुदकुशी की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। यश दयाल ने कहा कि आठ लाख न लौटाने पड़े इसलिए फंसाया जा रहा है।

दुष्कर्म के केस में फंसे क्रिकेटर यश दयाल ने प्रतापगढ़ निवासी महिला मित्र समेत अन्य के खिलाफ खुल्दाबाद थाने में तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि आठ लाख रुपये बकाया मांगने पर उन्हें खुदकुशी कर फंसाने की धमकी दी जा रही है। साथ ही युवती पर मोबाइल-लैपटॉप समेत अन्य सामान चोरी करने के आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। करबला निवासी आईपीएल क्रिकेटर ने तहरीर में बताया कि 2021 में उनकी मुलाकात इंस्टाग्राम के जरिये प्रतापगढ़ निवासी युवती से हुई। आरोप लगाया कि समय-समय पर वह इलाज, कॉलेज फीस के नाम पर यह कहकर पैसे लेती रही कि मई 2025 तक वह पैसे वापस कर देगी। इसके साथ ही उसने शॉपिंग के लिए भी पैसे लिए।

**यश दयाल ने लगाए गंभीर आरोप:** अचानक सोशल मीडिया से पता चला कि उसी युवती ने उनके खिलाफ गाजियाबाद में शिकायती प्रार्थनापत्र दिया है। आरोप लगाया कि युवती व उसके तीन सहयोगियों व 5-10 अज्ञात लोग गैंग संचालित करते हुए सीधे-सादे लोगों से धन उगाही कर रहे हैं।

**उधार दिए आठ लाख रुपये मांगने पर झूठी शिकायत:** यह भी पता चला कि उनका लैपटॉप, आईफोन व अन्य सामान भी मुलाकात के बहाने युवती ने चोरी कर लिए हैं। उनसे लगभग आठ लाख रुपये उधार लिए गए और बकाया वापस मांगने पर उनके खिलाफ झूठा शिकायती प्रार्थनापत्र दिया गया। यही नहीं, पैसे वापस मांगे तो युवती ने उन्हें धमकी दी कि अगर उन्होंने



उससे शादी नहीं की तो वह आत्महत्या कर लेगी। इसके साथ ही उनके मां-बाप को गालियां दी जाती रहीं और जान से मारने की धमकी तक दी गई।

**योजनाबद्ध तरीके से फंसाने की साजिश:** लगातार मानसिक प्रताड़ना के चलते उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रहना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह पूरा घटनाक्रम योजनाबद्ध तरीके से उन्हें फंसाने और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए रचा गया।

**मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर लगाया था यौन उत्पीड़न का आरोप:** 21 जून को इंदिरापुरम क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए क्रिकेटर यश दयाल पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। यश दयाल के खिलाफ सात जुलाई को देर रात पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया था। क्रिकेटर पर इंदिरापुरम क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पांच वर्ष तक संबंध में रहकर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

**शादी का झांसा देकर किया शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न:** मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तब पीड़िता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का सहारा लिया था। पुलिस के नोटिस भेजने के बाद भी जब क्रिकेटर ने अपने बयान दर्ज नहीं करवाए तब पुलिस ने सात जुलाई की देर रात बीएनएस की धारा 69 के तहत क्रिकेटर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया था।

**यश ने ढाई साल में कई लड़कियों से संबंध बनाए:** पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया है कि वह यश दयाल को नवंबर-दिसंबर वर्ष 2020 से जानती हैं। सोशल मीडिया पर पहले कनेक्ट हुई थीं। प्रयागराज में ही उनकी पहली मुलाकात हुई थी। उनकी दोस्ती पिछले करीब पांच साल से है।

## गोला फेंक खिलाड़ी जैस्मिन अस्थाई रूप से निलंबित, डोप टेस्ट में विफल रहने पर हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली , एजेंसी।** इस साल की शुरुआत में देहरादून में हुए राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली 22 वर्षीय जैस्मिन का टरबुटेलाइन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया है जो आमतौर पर खांसी की दवाई में पाया जाता है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने भारतीय गोला फेंक खिलाड़ी जैस्मिन कौर को डोप परीक्षण में विफल होने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यह जानकारी अस्थायी निलंबन के तहत रखे गए खिलाड़ियों की नवीनतम सूची से मिली है। इस साल की शुरुआत में देहरादून में हुए राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली 22 वर्षीय जैस्मिन का टरबुटेलाइन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया है जो आमतौर पर खांसी की दवाई में पाया जाता है। पंजाब की इस खिलाड़ी ने पिछले साल अंतर विश्वविद्यालय खेलों में 14.75 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान भी हासिल किया था। इस बीच अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पहलवान नितिका पर चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है जो पिछले साल 28 मई से प्रभावी है।




## रणजी हीरो गुरविंद्र टोली अपनी जमा पूंजी से बना रहे क्रिकेट का ड्रीम ग्राउंड, जीवन भर की कमाई लगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिरकी से बल्लेबाजों को नचाने वाले पूर्व ऑफ स्पिनर गुरविंद्र सिंह टोली अब ऐसा मैदान के निर्माण में जुटे हैं, जहां भविष्य की ऐसी पौध तैयार हो जो अंतरराष्ट्रीय फलक पर चमक बिखरे। पूर्व रणजी खिलाड़ी इसके लिए पांवटा साहिब के बहराल में क्रिकेट ग्राउंड का अपनी जमा पूंजी से निर्माण करवा रहे हैं। हिमाचल के पूर्व रणजी क्रिकेटर गुरविंद्र सिंह टोली का सपना देश-प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी तैयार करना है।



इसके लिए जीवन भर की जमा पूंजी व भारी कर्ज लेकर खुद ही क्रिकेट मैदान तैयार कर रहे हैं। ये मैदान सितंबर तक पूरी तरह तैयार हो जाएगा। बता दें कि पांवटा साहिब के बहराल निवासी गुरविंद्र सिंह टोली हिमाचल के सबसे सफल ऑफ स्पिनर रहे हैं। उन्होंने रणजी में 121 विकेट लिए हैं। हिमाचल की विजय हजारे विजेता और उप विजेता रहने वाली टीम के वे सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने पांवटा के एकमात्र नगर परिषद के छोटे से मैदान खेलने की शुरुआत की और रणजी तक की सफलता प्राप्त की। उन्हें बचपन से क्रिकेट का गजब जुनून है जो संन्यास के बाद भी कम नहीं हुआ है। उन्होंने 19 फरवरी 2024 को रणजी से संन्यास लिया। इसके बाद 21 जून से बहराल में क्रिकेट अकादमी शुरू की। शहर में क्रिकेट के मापदंडों अनुसार कोई मैदान नहीं है। इसे देखते हुए उन्होंने बहराल में ही अपनी 5 बीघा भूमि पर मैदान बनाना शुरू किया। इसके बाद आसपास के भूमि मालिकों से लीज पर और भूमि ली।

अब जमीन 22 बीघा हो चुकी है। बहराल में क्रिकेट मैदान तैयार किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार मैदान की दोनों तरफ बीच से आमने-सामने 70-70 मीटर लंबाई है। स्कवायर बाउंड्री 58 और 60 मीटर है। टर्फ सहित चार पिच लगभग तैयार है। 10 नेट प्रेक्टिस के विकेट तैयार किए जा रहे हैं। मैदान समतल कर तैयार किया गया है। इसमें विशेष घास लगाई जाएगी। सितंबर माह तक मैदान पूरी तरह तैयार होगा।

## मेजर लीग फुटबॉल में इंटर मियामी की लगातार चौथी जीतः मेसी ने दो गोल दागे, न्यू इंग्लैंड से कार्लेस ने एकमात्र गोल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लियोनल मेसी के 2 गोल की बदौलत मेजर लीग सॉकर में इंटर मियामी ने चौथी जीत दर्ज की है। बुधवार रात अमेरिका के गिलेट स्टेडियम में न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन के खिलाफ इंटर मियामी ने 2-1 से जीत हासिल की। इन दो गोलों के साथ मेसी इतिहास में लगातार चार लीग मैचों में दो-दो गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इन चारों मैचों में इंटर मियामी को जीत मिली है। अब इस सीजन में मेसी के 15 मैचों में 14 गोल हो चुके हैं।



गोल्डन बूट की दौड़ में वो नैशविल के सैम सर्रिज (16 गोल) से पीछे हैं। पहला गोल 27वें मिनट में किया मेसी ने पहला गोल 27वें मिनट में किया, जब न्यू इंग्लैंड की डिफेंस की गलती से मिले एक हेडर को उन्होंने गोल में बदल दिया। 11 मिनट बाद मेसी ने दूसरा गोल किया, जो मैच का निर्णायक गोल साबित हुआ। उनके पुराने बार्सिलोना साथी सर्जियो बुस्केट्स ने शानदार पास दिया, जिसे मेसी ने बिल्कुल सही समय पर दौड़ लगाकर गोल में बदल दिया।

# लॉर्ड्स के MCC म्यूजियम में सचिन तेंदुलकर की पेंटिंग

### 18 साल पुरानी फोटो से बनी पेंटिंग, सचिन बोले- मेरे लिए यह सम्मान का पल

**लंदन, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले लॉर्ड्स के फेमस मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब म्यूजियम में क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की एक खास पेंटिंग का उद्घाटन किया गया।

यह पेंटिंग आर्टिस्ट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने बनाई है, जो एक फोटो के आधार पर तैयार की गई है। यह फोटो उन्होंने सचिन के घर पर करीब 18 साल पहले ली थी। यह पेंटिंग इस साल के अंत तक MCC म्यूजियम में रहेगी, इसके बाद इसे लॉर्ड्स के ऐतिहासिक पवेलियन में लगाया जाएगा।

**यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है- तेंदुलकरः** तेंदुलकर ने इस अवसर पर कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। 1983 में जब भारत ने वर्ल्ड कप जीता था, तब मैंने पहली बार लॉर्ड्स को देखा था।

मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा था, और वहीं से मेरी क्रिकेट यात्रा शुरू हुई थी। आज जब मेरी पेंटिंग लॉर्ड्स के पवेलियन में लगी है, तो लगता है कि मेरी यात्रा अब पूरी हो गई है। अपने करियर को याद करता हूं तो चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यह पल बेहद खास है। कलाकार स्टुअर्ट राइट ने कहा, MCC नहीं



चाहता था कि यह पेंटिंग भी पहले जैसी हो, इसलिए मैंने एक नया तरीका अपनाया। मैंने सचिन के चेहरे पर ध्यान केंद्रित किया और उन्हें हीरो की तरह दिखाने के लिए पेंटिंग को बड़ा आकार दिया। उन्होंने आगे कहा कि मैंने हमेशा बैकग्राउंड को साधारण रखा है ताकि ध्यान सिर्फ व्यक्ति पर बना रहे। यह पेंटिंग सचिन तेंदुलकर के लंबे और गौरवशाली करियर के लिए हैं।

**घिसे हुए एल्यूमिनियम से बनाया गयाः** पेंटिंग रिलीज में बताया गया कि जैसे-जैसे पेंटिंग पर काम आगे बढ़ा, कलाकार ने इसमें बदलाव किए और आखिर में यह अब्रेसिव एल्युमिनियम (घिसे हुए एल्यूमिनियम) पर तेल चित्र के रूप में तैयार हुई। इसका बैकग्राउंड ऐब्स्ट्रैक्ट है, जो सचिन की पुरानी बैटिंग को दर्शाता है। राइट इससे पहले कपिल देव, बिशन सिंह बेदी और दिलिप वेंगसरकर की भी पेंटिंग बना चुके हैं।

**पिछले 30 सालों से चल रहा प्रोग्राम :** MCC का लॉर्ड्स पोर्ट्रेट प्रोग्राम पिछले 30 सालों से चल रहा है, लेकिन MCC ने 1950 के दशक से ही कला और ऐतिहासिक चीजें इकट्ठा करना शुरू किया था। यह म्यूजियम यूरोप का सबसे पुराना स्पोर्ट्स म्यूजियम है।

### विश्व महिला कप शतरंजः

## वंतिका, पद्मिनी ,नंधिधा दूसरे राउंड में , हम्पी और हारिका भी खेलेंगी दूसरा राउंड




**बातुमी , जॉर्जिया, एजेंसी।** फीडे विश्व महिला कप 2025 के पहले राउंड के दूसरे मुकाबलों में भारत की तीन प्रमुख महिला शतरंज खिलाड़ियों - इंटरनेशनल मास्टर वंतिका अग्रवाल, आईएम पद्मिनी राऊत और महिला ग्रांड मास्टर नंधिधा पी वी - ने शानदार जीत दर्ज करते हुए दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया है । वहीं प्रियंका के ने हंगरी की महिला ग्रांड मास्टर गाल झोका को हराकर टाईब्रेक में प्रवेश कर दिया है । महिला ग्रांड मास्टर किरण मनीषा मोहंती पहले राउंड में बाहर होने वाली एकमात्र भारतीय रहीं।

### वंतिका और नंधिधा को एकतरफा जीत

वंतिका अग्रवाल ने तुर्कमेनिस्तान की लाला शोहरादोवा के विरुद्ध मुकाबला महज 27 चालों में समाप्त कर दिया, जब लाला ने एक चाल में अपने मोहरे की बलि दे दी। नंधिधा ने इक्वाडोर की अनाही ओर्तिज वर्देजोतो को हराया, जिन्होंने महत्वपूर्ण मौके पर एक चाल में स्थिति गंवा दी और मुकाबला गवां बैठीं।

भारत की पाँच बार की राष्ट्रीय विजेता पद्मिनी राऊत ने चीन की झांग लनलिन के खिलाफ सिसिलियन नजडोर्फ में लगातार दूसरे मुक़ाबले में अपना हाथी कुर्बान करते हुए जीत दर्ज की । वहीं महिला ग्रांड मास्टर प्रियंका के ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीतों में से एक दर्ज करते हुए हंगरी की शीर्ष खिलाड़ी गाल झोका को हराया और मैच को टाईब्रेक तक खींच लिया।

### राउंड 2 में भारतीय भिड़ंत

दूसरे राउंड में भारत की दो खिलाड़ी एक-दूसरे से टकराएंगी जब ग्रांड मास्टर हरिका द्रोणावल्ली का मुकाबला नंधिधा पी वी से होगा। वहीं अन्य मुकाबलों में जीएम कोनेरु हम्पी का सामना उज्बेकिस्तान की डब्ल्यूआईएम अफरूजा खमदामोवा से होगा, आईएम पद्मिनी राऊत का सामना जीएम अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक (स्विट्ज़रलैंड) से होगा, आईएम दिव्या देशमुख का मुकाबला जॉर्जिया की डब्ल्यूएफएम केसारिया म्गेलाड्जे से होगा और वंतिका अग्रवाल का सामना पूर्व विश्व चैम्पियन जीएम अन्ना उशेनीना (यूक्रेन) से होगा।

## देविशा के साथ विंबलडन मैच देखने पहुंचे सूर्यकुमार, बुमराह-संजना ने भी लगाया ग्लैमर का तड़का

**लंदन, एजेंसी।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव पत्नी देविशा के साथ विंबलडन मैच देखने पहुंचे, जबकि जसप्रीत बुमराह ने भी पत्नी संजना के साथ विंबलडन का मैच देखा। इन दोनों की तस्वीरें विंबलडन ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। सबसे बड़ा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन धीरे-धीरे अपने अंजाम तक पहुंचने जा रहा है। पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल मुकाबलों की आज से शुरुआत हो जाएगी।



इस टूर्नामेंट में फिल्म और खेल जगत के कई सितारों ने ग्लैमर का तड़का लगाया। एंड्र्यू गारफिल्ड और टॉम हॉलैंड से लेकर ब्रायन लारा और विराट कोहली तक इस टूर्नामेंट में शिरकत कर चुके हैं। अब बुधवार को भारत के दो और स्टार क्रिकेटर्स विंबलडन का मुकाबला देखने पहुंचे। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव पत्नी देविशा के साथ विंबलडन मैच देखने पहुंचे, जबकि जसप्रीत बुमराह ने भी पत्नी संजना के साथ विंबलडन का मैच देखा। इन दोनों की तस्वीरें विंबलडन ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। सूर्यकुमार हर्निया की सर्जरी के लिए यूरोप गए थे। जर्मनी में उनकी सर्जरी हुई थी। इसके बाद वह पत्नी के साथ क्रिकेट से ब्रेक का आनंद ले रहे हैं। इसी कड़ी में वह इंग्लैंड पहुंचे। वहीं, बुमराह भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। विंबलडन ने सूर्यकुमार और बुमराह का आभार भी जताया है। अब तक क्रिकेट जगत से कुल 11 सितारे विंबलडन 2025 के मुकाबले देखने पहुंच चुके हैं। इससे पहले क्रिकेट जगत से दीपक चाहर पत्नी जया भारद्वाज के साथ विंबलडन देखने पहुंचे थे। वहीं, विराट कोहली ने भी पत्नी अनुष्का के साथ विंबलडन का मुकाबला देखा था। वहीं, इंग्लैंड के सुपरस्टार जो रूट भी पत्नी कैरी कॉटरेल और जेम्स एंडरसन पत्नी डैनिएला लॉयड के साथ विंबलडन देखने पहुंचे थे।

वहीं, महान ब्रायन लारा भी इसमें हाजिरी लगा चुके हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भी भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज से समय निकालकर विबंलडन का लुत्फ उठाने पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी क्लेयर रैटक्लिफ भी नजर आईं। भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी विंबलडन मैच देखने पहुंचे। इस दौरान वह सूट-बूट में नजर आए।

## हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना की अगुआई में भारत ने खत्म किया 19 साल का सूखा

### पहली बार इंग्लैंड से जीती महिला टी20 सीरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम ने 9 जुलाई 2025 की रात 2 बजे इंग्लैंड के मैनचेस्टर में इतिहास रचा। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 सीरीज जीती। भारत ने मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेले गए मैच में इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया। इसके साथ ही उसने 5 मैच की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनाई और इतिहास रचा।



सीरीज का अंतिम टी20 मैच शनिवार 12 जुलाई 2025 को बर्मिंघम में खेला जाएगा। इससे पहले भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई हर महिला टी20 सीरीज (कुल 6 श्रृंखला) में हारती रही थी। इस तरह भारत ने 19 साल का सूखा खत्म किया।



## दस दिन से पहले पोलैंड रेस फतह कर जॉन ग्वाइट ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने 3,600 किलोमीटर लंबी रेस अराउंड पोलैंड बिना किसी मदद के अकेले 9 दिन 21 घंटे में पूरी कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने 274 घंटे के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा और 31,000 मीटर ऊंचाई वाले चुनौतीपूर्ण रास्तों को पार किया।

भारत के अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने इतिहास रचते हुए दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण साइकिलिंग स्पर्धाओं में से एक रेस अराउंड पोलैंड (आरएपी) को 10 दिनों से भी कम समय में पूरा कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान रच डाला। ग्वाइट ने कई बाधाओं को पार करते हुए 3,600 किलोमीटर की दूरी 237 घंटे में पूरी की। उन्होंने इसके लिए कुल नौ दिन और 21 घंटे का समय लिया है। ग्वाइट ने रेस पूरी करके 274 घंटे के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ा। वह 10 दिन से कम में इस रेस को पूरा करने वाले देश के पहले साइकिलिस्ट हैं।

### बिना सहायता के पूरी की रेस

ग्वाइट ने अन्य प्रतिभागियों की तरह अकेले और बिना किसी सहायता के प्रतिस्पर्धा की। रेस के दौरान साइकिलिस्टों को कोई टीम कार या कोई बाहरी सहायता नहीं दी गई थी। यह रेस इस वजह से भी कठिन हैं, क्योंकि रेस में दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए 31 हजार मीटर की ऊंचाई तक जाना होता है। यह रेस एक अन्य कठिन साइकिलिंग स्पर्धा रेस अक्रॉस अमेरिका के लिए एक क्वालिफायर इवेंट भी है।

## विम्बलडन 2025 :सैमसोनोवा को हराकर पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचीं इगा स्वियातेक

**लंदन, एजेंसी।** पोलैंड की इगा स्वियातेक ने बुधवार को रूस की लुडमिला सैमसोनोवा को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से हराकर पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। नंबर 1 कोर्ट पर खेलते हुए, पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पहली बार मेजर क्वार्टर फाइनलिस्ट सैमसोनोवा के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। 19वीं वरीयता प्राप्त पोलैंड की स्वियातेक ने रूसी खिलाड़ी पर 1 घंटा 49 मिनट तक चले



मुकाबले में जीत दर्ज की। यह उनकी सैमसोनोवा के खिलाफ लगातार 5वीं जीत है। विश्व नंबर एक खिलाड़ी के रूप में 125 सप्ताह बिताने वाली इगा स्वियातेक चार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी सक्रिय खिलाड़ी बन गई हैं। उनके अलावा इस सूची में सबालेंका, विक्टोरिया अजारेंका और कैरोलिना प्लिसकोवा शामिल हैं। स्वियातेक ने चार खिताब फ्रेंच ओपन की लाल मिट्टी पर और एक यूएस ओपन की हार्ड कोर्ट पर जीता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के हार्ड कोर्ट पर भी दो बार सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है। हालांकि, ऑल इंग्लैंड क्लब की घास वाली को?र्ट पर उनके लिए अब तक सबसे मुश्किल साबित हुई। 23 साल की पोलैंड की खिलाड़ी इस साल घास पर अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। इस साल इस सतह पर उनका रिकॉर्ड 8-1 है। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ विंबलडन परिणाम 2023 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचना था।

## पीएसजी फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल में, रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया

**ईस्ट रदरफोर्ड, एजेंसी।** इसी साल यूएफा चैंपियंस लीग जीतने वाली पीएसजी की टीम ने रियल मैड्रिड को पूरे मैच में वापसी करने का मौका नहीं दिया। रुईज ने छठे और 24वें मिनट में दो गोल दागे। इसके अलावा डेम्बेले और रामोस ने एक-एक गोल किया।

पीएसजी की टीम फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल में पहुंच गई है। उसने सेमीफाइनल में स्पेन की दिग्गज फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड को 4-0 से हरा दिया। पीएसजी के लिए फैबियन रुईज ने सबसे ज्यादा दो गोल किए। अब फाइनल में पीएसजी का सामना चेल्सी से होगा। चेल्सी ने फ्लूमिनेंस को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबला ईस्ट रदरफोर्ड के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार 14 जुलाई को रात साढ़े 12 बजे शुरू होगा।

### पीएसजी की मैड्रिड पर एकतरफा जीत

इसी साल यूएफा चैंपियंस लीग जीतने वाली पीएसजी की टीम ने रियल मैड्रिड को पूरे मैच में वापसी करने का मौका नहीं दिया। टीम ने शुरू में स्पैनिश जायंट्स पर पकड़ बना ली थी। मैच के छठे मिनट में ही रुईज ने गोल दाग पीएसजी को 1-0 की बढ़त दिला दी।

फिर डेम्बेले ने नौवें मिनट में गोल दाग बढ़त को दोगुना कर दिया। शुरुआती 10 मिनट में ही दो गोल खाने के बाद रियल मैड्रिड की टीम सकपका गई। टीम ने आक्रमण करने की कोशिश की, लेकिन काफी मौके गंवाए। रुईज ने फिर 24वें मिनट में गोल दाग पीएसजी को 3-0 से आगे कर दिया। हाफ टाइम तक पीएसजी की टीम 3-0 से आगे रही। हाफ टाइम के बाद पीएसजी ने डिफेंस पर ज्यादा ध्यान दिया। मैड्रिड की टीम चाह कर भी कुछ नहीं कर सकी। 87वें मिनट में गोंकालो रामोस ने गोल दागा और पीएसजी को 4-0 से आगे कर दिया और साथ ही टीम की लगभग जीत सुनिश्चित कर दी।



### कार्लो एंसेलोटी के बेटे डेविड बने बोटाफोगो के कोच

ब्राजील के क्लब बोटाफोगो ने ब्राजील राष्ट्रीय टीम के कोच कार्लो एंसेलोटी के बेटे को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया है। 35 वर्षीय डेविड एंसेलोटी को 2026 तक का अनुबंध दिया गया है। यह उनका पहला पूर्णकालिक कोचिंग अनुबंध है। बोटाफोगो के मालिक जॉन टेक्स्टर ने क्लब विश्वकप में टीम के अंतिम- 16 से बाहर होने के बाद पूर्व कोच रेनाटो पाइवा को निकाल दिया था।

### पेड्रो के दो गोल से चेल्सी 13 साल बाद फाइनल में

इससे पहले यूरोपीय क्लब चेल्सी 13 साल बाद क्लब विश्व कप के फाइनल में पहुंच गया। क्लब ने सेमीफाइनल में पिछली बार की उपविजेता फ्लूमिनेंस को 2-0 से मात दी।

इस मैच के हीरो 23 साल के जाओ पेड्रो रहे जिन्होंने चेल्सी के लिए पहली बार गोल किए। दोनों गोल उन्हीं के नाम रहे। उन्होंने पहले हाफ में 18वें मिनट पर पहला गोल दागा। वहीं, 56वें मिनट पर एंजो फर्नांडिस की मदद से वह दूसरा गोल करने में सफल रहे।

यह पहली बार हुआ है जब किसी खिलाड़ी ने इस टूर्नामेंट में अपने पुराने क्लब (2019-2020) के खिलाफ गोल दागा है। अब चेल्सी की नजरें पहले खिताब पर होंगी क्योंकि 2012 में वह पहली बार क्लब विश्वकप के फाइनल में पहुंचकर भी ब्राजील के क्लब कुरिन्थियों से हार गया था।